# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 5 मई 2025


## खबर संक्षेप

### वक्फ मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सोमवार को सुनवाई करेगा। कुछ सप्ताह पहले सरकार ने शीर्ष अदालत के प्रश्नों के मद्देनजर इस विवादास्पद कानून के दो मुख्य बिंदुओं के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी। केंद्र ने 17 अप्रैल को न्यायालय को सूचित किया था कि वह केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्तियां नहीं करेगा। बता दें कि कई राजनीतिक दलों, मुस्लिम संगठनों और एनजीओ ने अधिनियम की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है।

### कार पेड़ से टकराई, बारात से लौट रहे चार की मौत




**कौशांबी।** कौशांबी जिले के पिपरी क्षेत्र में रविवार तड़के बारातियों को लेकर लौट रही एक कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुनील कुमार पटेल (35), रवि कुमार पटेल (38) और चांद बदन (36) और बलिया जिले के बटेरिया थाना क्षेत्र के निवासी विकास कुमार (38) के रूप में हुई है। दुर्घटना तड़के करीब साढ़े तीन बजे गुंगवा का बाग के पास हुई जब कार सवार लोग चायल कस्बे के आंबेडकर नगर इलाके में आयोजित एक शादी समारोह से प्रयागराज जिले के पुरा मुफ्ती क्षेत्र लौट रहे थे। रास्ते में कार के चालक ने एक अन्य वाहन से बचने की कोशिश की और उसकी कार बेकाबू होकर पेड़ से जा टकरायी।

### छात्रावास में छात्र का शव फंदे से लटका मिला



**कोलकाता।** आईआईटी, खड़गपुर के छात्रावास के एक कमरे में बीटेक (तृतीय वर्ष) के एक छात्र का शव फंदे से लटका मिला। मोहम्मद आसिफ कमर का शव आईआईटी, खड़गपुर परिसर के मदनमोहन मालवीय हॉल स्थित उसके छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। कमर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष का छात्र था। शनिवार रात से उसका दरवाजा अंदर से बंद था। छात्रावास परिसर स्थित पुलिस चौकी को रविवार सुबह सूचना मिली, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ा और उन्हें कमर का शव फंदे से लटका मिला।

# 40 लाख से ज्यादा अर्जियां, आज से लगेंगे शिविर, सीएम साय अचानक पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरु हुआ छत्तीसगढ़ सरकार का सुशासन तिहार अब सबसे महत्वपूर्ण दौर में पंहुच गया है। 11 अप्रैल से शुरु हुए इस अभियान के तहत राज्य भर से 40 लाख से अधिक मांग और शिकायतों के आ वेदन आए हैं। अब सोमवार 5 मई से पूरे प्रदेश के गांव-गांव में शिविर लगाकर मांगों और शिकायतों का समाधान किया जाएगा। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं अचानक किसी भी शिविर में जाएंगे। वहां शिकायतों के समाधान का जायजा लेंगे। इसके बाद जिला स्तर पर वे प्रेस कांफ्रेस भी करेंगे। इस अभियान की तैयारी में सरकारी अमले कई दिनों से पूरी ताकत झौंके हुए है।

## सुशासन का तीसरा चरण आज से, सरकार का जनता से सीधा संवाद, माह भर में होगा निराकरण

### एक नजर सुशासन तिहार के आवेदनों पर

राज्य में 11 अप्रैल से शुरु हुए सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की मांगों और शिकायतों से संबंधित आ वेदन लेने का सिलसिला शुरु है। यह काम दो हिस्सों में किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर, पेटी रखकर और ऑनलाईन माध्यम से आ वेदन लिए जा रहे हैं। राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से कुल मिला कर 40 लाख 94 हजार 866 आवेदन मिले हैं जो मांग और शिकायतों से संबंधित हैं। राज्य के अलग अलग जिलों में मिले आ वेदनों का समाधान भी स्थानीय प्रशासन ने शुरु कर दिया है।



### चौपाल लगाएंगे साय

तीसरे चरण में मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से औचक रूप से किसी भी गांव में पहुँचकर लोगों से मुलाकात करेंगे और चौपाल लगाकर गांव के विकास और वहां पर पदस्थ मैदानी अमले की कार्यशैली के बारे में लोगों से जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का भी मुआयना करेंगे।

### हर जिले की 8 से 15 पंचायतों के बीच समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा तथा यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी वहीं किया जाएगा।

फैक्ट फाइल

### शिविरों में आमजनों से होगा संवाद

*समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे, और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा। बताया गया है कि इनमें आवेदनों की संख्या सबसे अधिक है। उसके मुकाबले शिकायतें काफी कम हैं। ये आवेदन और शिकायतें ऑनलाइन माध्यम से, शिविरों के माध्यम से और शिकायत पेटियों में आए हैं।*

# आंधी-तूफान से फसलों को भारी क्षति केला-पपीता तबाह, धान की बालियां झड़ी



**टूट गए केले के पेड़**

बेमेतरा में जिलेभर के केला-पपीता व टमाटर सहित अन्य सब्जियों एवं फसलों को बारिश व अधड़ से काफी क्षति हुई है। गुरूवार की आंधी-तूफान के तेज हवाओं से केले के पेड़ पूरी तरह जमीन ▶▶| शेष पेज 6 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/ मैनपुर/ जगदलपुर/ बेमेतरा/ धमतरी

हरिभूमि सरोकार

अंधड़-बारिश ने गर्मी से राहत तो दी, लेकिन नुकसान काफी पहुंचाई है। इसका खेती-किसानी पर व्यापक प्रतिकूल असर छोड़ा है। एक ओर जहां सब्जियां और फलों की खेती तबाह हुई है, दूसरी ओर वनोपज आम, इमली, तेंदूपत्ता को भारी नुकसान पहुंचा है। हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि से रबी के धान की बालियां झड़ रही हैं। कई गांव में कई एकड़ के धान की फसल चटाई की तरह जमीन में बिछ चुकी है।

हरिभूमि ने बदलते मौसम और इसके कारण हुए फसलों पर असर ▶▶| शेष पेज 6 पर



### बस्तर में प्रभावित हो रही तेंदूपत्ता खरीदी

बस्तर में हरा सोना माने जाने वाले तेंदूपत्ता पर ओले के साथ तेज अंधड़ की मार के चलते खरीदी पर असर पड़ा है। मौसम का मिजाज बदलने से तेज हवाएं चलने के साथ बारिश और ओले गिरने के कारण तेंदूपत्ता को नुकसान पहुंचा है। यहां 25 अप्रैल से तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ, जिसमें अब तक 30 फीसदी ▶▶| शेष पेज 6 पर



### कपास की खेती पर भी बुरा असर

साजा व बेमेतरा ब्लॉक में टमाटर व अन्य सब्जियों की पैदावार भी जबरदस्त की जाती है, लेकिन बीते दिनों बारिश व अंधड़ की भेंट टमाटर उत्पादक किसानों को भी झेलना पड़ रहा है। टमाटर के पौधों पर पानी पड़ने से पौधे सड़ने की कगार पर पहुंच गए है, जिससे टमाटर की किल्लत गर्मी में हो सकती है। इसके अलावा ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मौसम की मार से किसान हताश

गरियाबंद के मैनपुर में मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है। सुबह से दोपहर 3-4 बजे तक तेज धूप के बाद शाम होते ही तेज हवा आंधी तूफान के साथ बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं खेतो में पक कर तैयार हो चुके धान, मक्का एवं दलहन तिलहन की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### धमतरी में हरी सब्जियों को हुआ नुकसान

*धमतरी में सप्ताह भर से हो रही बेमौसम बारिश, अंधड़, तूफान, ओलावृष्टि से हरी सब्जियों की फसल बर्बाद हो गई है। पौधों पर लगे फल खराब हो गए। बदली, बारिश से गोभी, बैगन, करेला, बरबट्टी, भिंडी में कीड़े लग गए। सब्जी उत्पादक कृषक एवं व्यवसायी सोनसाय सोनकर ने बताया कि बारिश से बाड़ी में लगी सब्जी की फसल तबाह हो गई है। डेढ़ एकड़ में लगा टमाटर ओलावृष्टि, बदली से खराब हो गया। टमाटर में पीलापन आ गया है। दवाई, कीटनाशक, खाद काम नहीं कर रही है। मजबूरी में टमाटर को मंडी* ▶▶| शेष पेज 6पर

# राज्य सहकारी बैंक बरमकेला में 10 करोड़ रुपए का गबन

शाखा प्रबंधक सहित आधा दर्जन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**खास बातें**

- अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक लेनदेन के संबंध में जांच किया गया
- गबन के संबंध में जांच दल का गठन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

खास खबर

राज्य सहकारी बैंक बरमकेला में करीब 10 करोड़ रुपए के गबन का मामला सामने आया है। जांच में मामला सही पाए जाने पर बरमकेला पुलिस ने शाखा प्रबंधक सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रिपोर्टकर्ता राधास्वामी नगर रायपुर निवासी अरविंद शुक्ला पिता स्व. एसके शुक्ला उम्र 56 वर्ष छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा बरमकेला में शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित मुख्यालय नवा रायपुर के आदेश के अनुसार शाखा बरमकेला में हुए गबन के संबंध में जांच दल का गठन किया गया था। अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 के मध्य बैंक लेनदेन के संबंध में जांच किया गया। मामले में 1 अप्रैल 2024 से 6 नवंबर 2024 तक समिति बडे नवापारा, बरमकेला, बोंदा, दुलोपाली, लेन्ध्रा, लोधिया, लुकापारा, सॉल्हेओना, सरिया, तौसिर, देवगांव, गोबरसिंघा, कालाखुटा, कंठीपाली, करनपाली, कुम्हारी एवं पचधार के केसीसी बिग व केसीसी स्मॉल खातों को नामे कर कुल 887 किसानों के डीएमआर कैश, काइड खातों को निरंक किया गया है, जिसकी राशि 9 करोड़ 91लाख 20 हजार 877 रूपए है।

### 18 अधिकारी कर रहे थे जांच

रायगढ़ जिले के सात और सारंगढ़, बरमकेला मिलाकर 9 ब्लॉकों में इसकी जांच हुई है। सभी ब्लॉक के लिए दो-दो अधिकारियों को जांच करने की जिम्मेदारी दी गई। इसमें रायगढ़ में आर के आयाम, पुसौर में जीपी गुप्ता, खरसिया में रश्मि लाल, घरघोड़ा में राजश्री उपाध्याय, धरमजयगढ़ में आरके मेहर, तमनार में एसके कंवर, लैलूंगा में सुशीन सूर्यवंशी, बरमकेला में केआर देवांगन और सारंगढ़ में आरपी कुरें को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। इन अधिकारियों के साथ एक-एक दल सहायक भी दिया गया था। फिलहाल, अभी बरमकेला में जांच पूर्ण होने के बाद कार्रवाई हुई है। जानकारी के अनुसार अन्य ब्लॉकों में भी बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई नहीं हुई इसलिए बढ़ी गड़बड़ी

अपेक्स बैंक हर साल समिति को एक राशि लोन के लिए देती है। किसानों को लोन बांटने का काम समिति प्रबंधक और ऑपरेटर करते हैं। नकद और खाद-बीज के रूप में लोन दिया जाता है। लोन वसूलकर बैंक को लौटाना भी होता है। इसी तरह से अपेक्स बैंक और समिति के बीच संतुलन बना रहता है, लेकिन रायगढ़ और सारंगढ़ इस मामले में कुछ ज्यादा ही गड़बड़ियां सामने आई है। ऋण असंतुलन का आंकड़ा काफी बड़ा होने की जानकारी मिली। अपेक्स बैंक के अधिकारियों की मनमानी और उनके ऊपर कार्रवाई नहीं होने के कारण समितियों में गड़बड़ी हुई थी।

### सफारी में बाड़ा नहीं, इसलिए एक दशक से तेंदुआ, लकड़बग्घा नंदनवन में कैद

**रायपुर।** नंदनवन पक्षी विहार जू का लाइसेंस समाप्त होने के बाद वहां अलग से बाड़े में रहने वाले चार तेंदुआ तथा एक लकड़बग्घा को बंधक बनाकर रखने को लेकर वन्यजीव प्रेमियों ने आपत्ति जताई है। आपत्ति को लेकर वन अफसरों का कहना है, सफारी के रेस्क्यू सेंटर में घायल वन्यजीवों को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने की वजह से सीजेडए से विशेष अनुमति लेकर तेंदुआ तथा लकड़बग्घे को नंदनवन पक्षी विहार में रखा गया है। सफारी प्रबंधन के अनुसार पांचों वन्य प्राणी जब नंदनवन चिड़ियाघर में लाये गए थे, तब नंदनवन को सीजेडए से पूर्ण कालिक चिड़ियाघर का दर्जा प्राप्त था। नंदनवन में घायल वन्य प्राणियों को रखने के लिए सीजेडए से अनुमति प्राप्त रेस्क्यू सेंटर का निर्माण किया गया था, जिसमें उपरोक्त वन्य प्राणियों को रखा गया था। नंदनवन में जगह की कमी के कारण नवा रायपुर में नया सफारी का निर्माण कराया गया। सफारी में बीमार वन्यजीवों को रखने वर्ष 2020 में अलग से बाड़े बनाए गए।

## काजीरंगा उद्यान में 19 से जीप सफारी बंद



**गुवाहाटी।** आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जीप सफारी 19 मई से अनिश्चित काल के लिए बंद रहेगी। पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, देशी-विदेशी पर्यटकों के बीच एक प्रमुख आकर्षण का केन्द्र है। यह एक सींग वाले गैंडे की सबसे बड़ी आबादी के लिए विश्वविख्यात है। सीएमओ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वन विभाग का आदेश साझा करते हुए लिखा, खराब मौसम और खबर सड़कों को देखते हुए काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान व बाघ अभयारण्य में जीप सफारी 19 मई 2025 से अगले आदेश तक बंद रहेगी।" काजीरंगा को 1974 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था और इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। यहां गैंडे के अलावा बाघ, हाथी, तेंदुआ, भालू समेत कई स्तनधारी प्रजातियां और हजारों पक्षी पाए जाते हैं।






## केवल विवि अध्ययनशाला में ही अनिवार्य होगा इंटर्नशिप

# एनईपी फेल...पहले वर्ष ही छात्रों को इंटर्नशिप के लिए नहीं मिली कंपनियां, नया नियम बनाकर समाप्त किए प्रावधान

महाविद्यालय इंटर्नशिप के स्थान पर आयोजित कर सकते हैं प्रशिक्षण कार्यक्रम

इंटर्नशिप के लिए निर्धारित किए गए थे 100 अंक, महाविद्यालयों ने खड़े किए हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के अपने पहले ही वर्ष में फेल हो गई है। स्थिति यह बनी कि इसे लागू करने के दस माह बाद ही नया नियम बनाकर प्रावधान बदलना पड़ गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया था कि जनवरी से जून तक संचालित होने वाली सेमेस्टर कक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के लिए 15 दिनों का इंटर्नशिप अनिवार्य होगा। इसके लिए 100 अंक भी निर्धारित किए गए थे। इन अंकों की गिनती अंतिम परीक्षा परिणामों में की जानी थी। बीए, बीकॉम, बीएससी सहित सभी संकाय के छात्रों को अपने विषय की प्रवृत्ति के अनुसार कंपनी का चयन का इंटर्नशिप करना था।

बीए, बीकॉम और बीएससी में सर्वाधिक छात्र होते हैं। ऐसे में हजारों की संख्या में छात्रों के लिए इंटर्नशिप करने कंपनी की व्यवस्था कर पाना महाविद्यालयों के लिए संभव नहीं था। इसे लेकर शासकीय और निजी महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय को खत लिखा गया था। अब रविवि द्वारा कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्ताव लाकर नियम ही बदल दिया गया है। छात्रों के लिए इंटर्नशिप करना ▶▶| शेष पेज 6 पर

### प्रशिक्षण से होगा अंकों का निर्धारण

इंटर्नशिप नहीं किए जाने के स्थान पर छात्रों को प्रदान किए जाने वाले अंकों का निर्धारण प्रशिक्षण से किया जाएगा। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि यदि महाविद्यालय अपने छात्रों के लिए इंटर्नशिप का आयोजन नहीं कर सकते हैं तो उन्हें इसके समतुल्यतायुक्त प्रशिक्षण का आयोजन करना होगा। इंटर्नशिप के लिए आधारित अंकों का निर्धारण अब प्रशिक्षण के आधार पर होगा। वहीं विवि अध्ययनशाला को इस नियम से बाहर रखा गया है। यूटीडी अध्ययनशाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कंपनी या संबंधित क्षेत्र में जाकर इंटर्नशिप करना अनिवार्य है। उनके अंकों का निर्धारण पूर्व में बनाए गए नियमों के अनुसार इंटर्नशिप के आधार पर ही होगा।

### व्यवहारिक नहीं

बड़े महाविद्यालयों में बीए, बीकॉम, बीएससी में 200 से अधिक विद्यार्थी होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में कंपनियों में इंटर्नशिप की व्यवस्था कर पाना संभव ही नहीं है। यह नियम व्यवहारिक नहीं है।

**-डॉ.देवाशीष मुखर्जी**
सचिव, निजी महाविद्यालय संघ



इनोवा को मोडीफाई करके बकरी चोरी करने वाले बिलासपुर के चोर गिरोह को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है। दरअसल बुधवार को थानांतर्गत एक गांव से 30 बकरी चोरी हो गई। एक साथ इतनी बकरी चोरी की शिकायत आते ही आश्चर्यचकित पुलिस ने पड़ताल शुरू की। पड़ताल के बाद पुलिस ने गिरोह को पकड़ा। गिरोह ने बकरी चोरी के लिए इनोवा जैसे महंगे वाहन को मॉडीफाई किया था, जिससे उनके धंधे में हो रहे फायदे का अंदाज लगाया जा सकता है। बरहाल पुलिस ने चोरों के कंधे में बकरी लादकर जुलूस निकाला।



# इनोवा से बिलासपुर का गिरोह चुराता था बकरी, 7 गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/ कवर्धा ।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम तालपुर में एक स्थानीय बकरी पालक के घर से बुधवार को 30 नग बकरियों की चोरी के बाद हरकत में आई कवर्धा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिलेभर में सक्रिय बकरी चोरी गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि यह गिरोह मूलतः राज्य के बिलासपुर जिले का है जो सुनियोजित ढंग से बकायदा एक मॉडिफाइड इनोवा वाहन के जरिए बकरियों की चोरी करता था। उन्हें रातों रात बिलासपुर के ही मटन बाजार में बेंच देता था। पुलिस ने गिरोह से 16 नग चोरी की बकरियां बरामद की। चोरी की वारदात में प्रयुक्त मॉडिफाइड इनोवा वाहन भी जब्त किया है। आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।




### गिरफ्तार बकरी चोर

पुलिस ने गिरोह में शामिल आरोपी शब्बीर खान पिता रहीम खान उम्र 20 वर्ष वार्ड क्रमांक 47 निवासी मोपका चिल्हाटी, बिलासपुर, गौरव धूरी पिता दिनेश धूरी उम्र 20 वर्ष निवासी मोपका चिल्हाटी, बिलासपुर, मनीष पटेल पिता गेंदराम पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी मगरपारा, बिलासपुर, सोहेल खान पिता शेख अब्दुल्ला उम्र 20 वर्ष निवासी मंगला चौक, बिलासपुर, अजय सोनवानी पिता राजेंद्र सोनवानी उम्र 29 वर्ष निवासी बजरंग चौक, बिलासपुर, सहबान खान पिता अब्दुल रहमान उम्र 27 वर्ष निवासी चिल्हाटी, बिलासपुर तथा शाहिद खान पिता अब्दुल रहमान उम्र 19 वर्ष निवासी चिल्हटी बिलासपुर को गिरफ्तार किया है।

### विभिन्न थाना क्षेत्रों में था सक्रिय

जिले के कुकदुर, पंडरिया तथा कवर्धा थाना क्षेत्र में रात के समय लगातार बकरी चोरी की वारदातें सामने आ रही थी। जिसे देखते हुए पुलिस की गठित टीम ने नाकाबंदी कर सक्रिय चोर गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास सो चोरी की बकरी तथा चोरी की वारदात में प्रयुक्त एक वाहन जप्त किया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

-पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम

### बकरी चोरों का शहर में निकाला जुलूस

कवर्धा पुलिस ने हाल ही में जिले के भोरमदेव के कुर्सी काण्ड की तर्ज पर इस बार भी पकड़े गए सातों बकरी आरोपियों को सबक सिखाने के लिए आनोखा तरीखा अपनाते हुए सभी आरोपियों का शहर में जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान ये सभी आरोपी जब्त की गई एक-एक बकरी को अपने कंधों में लेकर चल रहे थे। शहरवासियों के लिए यह अनोखा नजारा था। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था। आरोपियों का जुलूस कवर्धा कोतवाली से शहर के मुख्य मार्गो में निकाला गया।

---

एक दर्जन निगम, मंडल, पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की बची है नियुक्ति

# दर्जनभर निगम-मंडल, 5 सहकारी बैंक, 3 शक्कर कारखानों के अध्यक्ष पदों पर नियुक्तियां अटकीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**छत्तीसगढ़ में निगम, मंडल और आयोग में पिछले महीने नवरात्रि के समय 36 पदों पर नियुक्तियां की गई थीं। उसके बाद दर्जनभर निगम, मंडलों में उपाध्यक्ष और सदस्यों के पदों को मिलाकर करीब डेढ़ दर्जन की नियुक्ति होनी है। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। ऐसे में करीब 40 और भाजपा नेताओं को पद मिलेंगे। सूत्रों के अनुसार अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि इस माह भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है। माना जा रहा है कि अब नए अध्यक्ष के बनने के बाद ही दूसरी सूची का ऐलान हो सकेगा।**

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद अब जाकर प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति की है। इनमें से आधा दर्जन नेताओं के पदों पर पेंच भी फंसा हुआ है, ऐसे में इनका अभी पदभार संभालना मुश्किल है, लेकिन जिनके पदों में कोई पेंच नहीं है, उनके पदभार ग्रहण करने का क्रम चल रहा है। पदभार संभालने का क्रम अभी माह और चलने की संभावना है। जिनकों पद दिए गए हैं, उनमें जहां प्रदेश संगठन के करीब 20 नेता शामिल हैं, वहीं नियुक्ति में जाति समीकरण को भी देखा गया है।

खास खबर

### पहली सूची में नहीं मिला था एससी वर्ग को मौका

हालांकि पहली सूची की नियुक्ति में एससी वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है, लेकिन दूसरी सूची में इस वर्ग को भी मौका मिलने की संभावना है। इसी के साथ जिन नेताओं ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में मेहनत की है, उनको भी पद दिए जाएंगे। इसके अलावा जिनको चुनाव में टिकट नहीं मिल सके थे, उनको भी पद दिए जाने की संभावना है।


अनुराग सिंहदेव को हाउसिंग बोर्ड, राजीव अग्रवाल को सीएसआईडीसी

साय सरकार ने 36 निगम मंडलों में की नियुक्ति, सौरभ को खनिज, संजय को नान

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें बेवरेज कॉर्पोरेशन, अपेक्स बैंक, मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी, हज कमेटी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। लेकिन अब चूंकि सामने भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव आ गया तो भाजपा के सूत्रों का कहना है कि अब तो नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही दूसरी सूची का ऐलान हो सकेगा। दूसरी सूची से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराने के बाद उनकी भी अनुमति लेनी होगी।

---



# हाईकोर्ट में 12 मई से 6 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में समर वेकेशन घोषित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार 12 मई से 6 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इस बीच 7 जून शनिवार और 8 जून रविवार होने की वजह से अब 9 जून से हाईकोर्ट में नियमित रूप से सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (ज्यूडिसियल) द्वारा जारी आदेश के मुताबिक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हाईकोर्ट में जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच का गठन भी किया गया है। हाईकोर्ट में समर वेकेशन के दौरान रजिस्ट्री विभाग खुला रहेगा और नियमित रूप से अधिकारी-कर्मचारी काम करेंगे। यानी इस दौरान एडवोकेट अपने पक्षकारों की तरफ से याचिकाएं दायर कर सकेंगे। समर वेकेशन के दौरान मंगलवार और गुरुवार को वेकेशन जज बैठेंगे, जो जरूरी मामलों की सुनवाई करेंगे। इसके लिए स्पेशल बेंच लगाई जाएगी। आदेश के अनुसार 13 मई, 15 मई, 20 मई, 22 मई और 27 मई के साथ ही 3 और 7 जून को अवकाशकालीन बेंच लगाई जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में अवकाशकालीन जज चीफ जस्टिस की मंजूरी पर सुनवाई की अवधि को किसी अन्य जज के साथ बदल सकते हैं। अवकाशकालीन जज सुबह 10:30 बजे से डिवीजन बेंच में सुनवाई करेंगे।

इस तरह होगी सुनवाई

- **नई रिट, सिविल और आपराधिक मामलों में** – अगर इनमें तुरंत सुनवाई चाहिए, तो इसके लिए एक खास आवेदन देना होगा।
- **नए और पहले से लंबित जमानत मामलों में** – इनमें तुरंत सुनवाई के लिए कोई अलग आवेदन देने की जरूरत नहीं है। ये सीधे ग्रीष्मावकाश में ही सुने जाएंगे।
- **बाकी सभी लंबित मामलों में (जमानत के अलावा)** – अगर इनकी सुनवाई छुट्टियों में करानी है, तो 'अर्जेंट हियरिंग' और 'ग्रीष्मावकाश में सुनवाई' के लिए आवेदन देना होगा। इसके साथ ही अगर कोई मामला छुट्टी के दौरान जज के सामने नहीं पहुंच पाया तो उसे अगले अवकाशकालीन जज के सामने अलग से लिस्टेड किया जाएगा।

### स्कूल शिक्षा विभाग को 50 दिनों में सकारात्मक निर्णय लेने का आदेश

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को 50 दिनों में याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर सकारात्मक निर्णय लेने का आदेश दिया है। याचिका के मुताबिक श्रीमती गीता चौधरी पति लखन चौधरी प्राध्यापक एल.बी. वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला माना रायपुर में पदस्थ है। इनकी नियुक्ति 27 जुलाई 1998 को शिक्षाकर्मी वर्ग एक में जिला पंचायत के द्वारा हुई थी। इसके पश्चात 28 सितंबर 2018 को स्कूल शिक्षा विभाग में व्याख्याता के पद पर ई (एल.बी.) संवर्ग में संविलियन किया गया। इसके बाद शासन ने एक आदेश जारी किया कि शिक्षक एल.बी. वर्ग (शिक्षा कर्मियों) को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना न कर एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के तहत पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं प्रदान करते हुए संविलियन दिनांक से गणना कर नई पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके खिलाफ सचिव स्कूल शिक्षा विभाग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें मांग की गई कि प्रथम नियुक्ति दिनांक से पुरानी पेंशन एवं समस्त लाभ कुल 20 सालों का दिया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया तो एडवोकेट नसीमुद्दीन अंसारी एवं रियाजुद्दीन शेख के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की गई। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता की प्रथम नियुक्ति 27 सितंबर 1998 की। इसके पश्चात कोई नई नियुक्ति विभाग के द्वारा जारी नहीं की गई है। हाईकोर्ट ने सचिव शिक्षा विभाग को 50 दिनों के अंतर्गत याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर पुरानी पेंशन एवं समस्त देय पर सकारात्मक निर्णय लेने का आदेश दिया है।





हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# हरिभूमि की खबर से हड़कंप, दवा एसोसिएशन ने कहा केंद्र करे सख्ती, दवाओं की कीमत पर अंकुश जरूरी

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दवाओं की एमआरपी के नाम पर चल रहे मनमाने दाम की वसूली पर हरिभूमि की खबर से हड़कंप मच गया है। दवा एसोसिएशन से जुड़े तमाम लोगों का मानना है कि केंद्र सरकार 922 के बजाए तमाम तरह की दवाओं का मूल्य निर्धारित करे। किसी भी दवा के निर्माण के दौरान ही जीएसटी तय की जाए, जिससे एमआरपी में की जाने वाली मनमानी पर रोक लगाई जा सकती है। दवा एसोसिएशन से जुड़े लोगों का तर्क है कि एमआरपी और छूट के नाम पर ज्यादा प्रोपेगेंडा जेनिरक ▶▶|शेष पेज 6 पर

- एमआरपी पर तय हो जीएसटी तो रुक जाएगी फार्मा कंपनियों की मनमानी
- जेनेरिक दवाओं के नाम पर हो रहा प्रोपेगेंडा, वास्तविक मूल्य अंकित हो

### सिविल सोसाइटी उठाती रही है यह मुद्दा

छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने कहा कि दवाओं के साथ कई सर्जिकल आयटम के एमआरपी में मनमानी का खेल होता है। इस पर रोक लगाने के लिए लगातार केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करने की मांग की जाती रही है। उन्होंने कहा कि सुझाव दिया जा चुका है कि तमाम तरह की दवाओं की लागत से 20 से 25 फीसदी ज्यादा एमआरपी निर्धारित की जाए। इससे ज्यादा राशि तय करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि एमआरपी के नाम पर आम मरीज से किया जाने वाला छलावा बंद होना आवश्यक है।

### फार्मालॉजी में राष्ट्रीय सुधार की जरूरतः डॉ. गुप्ता

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि हरिभूमि ने फार्मालॉजी के उन कमियों को सामने लाया, जिसकी तरह लोगों का ध्यान नहीं था। मरीजों के दवा उपलब्ध कराने व्यापार की प्रक्रिया में जो छिद्र है, उसे भरने की आवश्यकता है। खासकर जेनेरिक दवाओं की लागत और एमआरपी भी बहुत अंतर होता है। इन सब कमियों को दूर करने राष्ट्रीय स्तर पर कदम उठाने की आवश्यकता है।

### सरकार अपने नियंत्रण में ले

इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सचिव राहुल वर्मा ने कहा कि सूचीबद्ध दवाओं को छोड़कर अन्य दवाओं की कीमत फार्मा कंपनी अपने हिसाब से करती है। इसमें केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का दखल भी होता है। केंद्र सरकार को तमाम तरह की दवाओं के मूल्य निर्धारण का अधिकार अपने पास रखना चाहिए। छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह दवा दुकान वालों को दवाओं के दाम में छूट देने के प्रचार-प्रसार में रोक लगाने का सर्कुलर जारी किया गया है।

### समय-समय पर जांच करती है यूनिट

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सहायक नियंत्रक बीआर साहू ने कहा, राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की इकाई पीएमआरयू समय-समय पर दवाओं के कीमतों की जांच कर रिपोर्ट एनपीपीए को भेजती है। इस आधार पर फार्मा कंपनियों पर कार्रवाई भी होती है। इस तरह की शिकायत सामने आने पर जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि दवाओं के मूल्य निर्धारण का अधिकार एनपीपीए का होता है। उनके द्वारा मूल्य निर्धारण के लिए आवश्यक दवाओं को सूचीबद्ध किया गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

कोलकाता 206/4 Vs राजस्थान 205/8

1 रन से जीता कोलकाता

57* रन : आंद्रे रसेल
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

हेदराबाद Vs दिल्ली

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### लैंडिंग के दौरान दीवार से टकराया ट्रेनी विमान

**लखनऊ।** अलीगढ़ एयरपोर्ट में रविवार दोपहर पायलट ट्रेनिंग के दौरान एक प्लेन क्रैश हो गया। 4 सीटर इस प्लेन के अंदर सिर्फ ट्रेनी पायलट प्रणव जैन मौजूद था, जो प्लेन उड़ा रहा था। हालांकि प्लेन की स्पीड स्लो होने की वजह से पायलट को कोई नुकसान नहीं हुआ। जब प्लेन क्रैश की सूचना अधिकारियों को मिली, तो अफरा-तफरी मच गई।



### आपसी विवाद में पीट-पीटकर मार डाला

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के दोस्तपुर क्षेत्र में कथित तौर पर आपसी विवाद में एक व्यक्ति की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के महाकुड़ तालाब के पास शनिवार रात राम खिलाड़ी (55) नामक व्यक्ति की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। सुरहुरपुर निवासी राम खिलाड़ी एक खेत में था।



### दम घुटने से दो मजदूरों की गई जान

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर 'रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्र' में बने 30 फुट गहरे गड्ढे में गिरने के बाद दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटनासासुपाड़ा इलाके में स्थित संयंत्र में हुई।



### दुर्घटना में दो छात्राओं सहित तीन की मौत

**जयपुर।** जयपुर के बस्सी इलाके में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में दो छात्राओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। युवतियां कोचिंग के लिए जा रही थीं और उन्होंने मोटरसाइकिल वाले से 'लिफ्ट' ली थी। तभी तिराहा पुलिया के पास एक डंपर ने वाहन को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान प्रिया (22) और खुशी (21) व खुशीराम के रूप में हुई है।




पहलगाम आतंकी हमले के 12 दिन... भारत का एक और बड़ा एक्शन

# पाकिस्तान को एक और झटका, अब बगलिहार डैम से रोका चिनाब का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू के रामबन में स्थित बगलिहार बांध और उत्तरी कश्मीर में स्थित किशन गंगा बांध इन नदियों पर भारत को पाकिस्तान से बेहतर स्थिति में रखते हैं। भारत सरकार इन बांधों के जरिए विद्युत उत्पादन करती है और इसके साथ ही यही बांध भारत को इन नदियों में पानी रोकने और छोड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। आपको बता दें कि बगलीहार बांध भारत और पाकिस्तान के बीच में लंबे समय तक विवाद का कारण रहा है। पाकिस्तान ने इस बांध के निर्माण के समय विश्व बैंक से मध्यस्थता की मांग की थी। इसके अलावा पाकिस्तान को किशनगंगा बांध को लेकर भी खासकर झेलम की सहायक नदी नीलम पर इसके प्रभाव के कारण आपत्ति है।

भारत से पाकिस्तान की तरफ बहनें वाली यह नदियां दोनों देशों की जीवन रेखाएँ मानी जाती हैं क्योंकि इनके मैदानों में रहने वाले लोग खेती के लिए पूरी तरह से इन नदियों पर ही निर्भर हैं। भारत भी शुरुआत से ही इस बात को समझकर पाकिस्तान को ज्यादा मात्रा में ही पानी उपलब्ध करवाता रहा है। सिंधु जल संधि में भी नदियों पर ज्यादा नियंत्रण होने के बाद भी भारत ने पाकिस्तान को पानी देने की बात मानी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार के सब्र का बांध टूट गया और सरकार ने सिंधु जल संधि को निरस्त कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान की तरफ से कई नेताओं ने उल्टी-सीधी ▶▶|शेष पेज 6 पर

*जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत सरकार ने सिंधु जल संधि रद्द करने का ऐलान कर दिया था। अब इस फैसले को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया गया है। सरकार ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध के माध्यम से चिनाब नदी का पानी रोक दिया है। अब झेलम नदी के ऊपर बने किशन गंगा बांध के माध्यम से ऐसा ही एक और उपाय करने की योजना बनाई जा रही है।*



- बागलिहार हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के सारे गेट बंद
- झेलम नदी, किशनगंगा बांध पर भी इसी तरह की प्लानिंग चल रही

### दोनों के बीच लंबे समय से विवाद

विश्व बैंक की मध्यस्थता से की गई सिंधु जल संधि ने 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के उपयोग को नियंत्रित किया है। बगलिहार बांध दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से विवाद का विषय रहा है। पाकिस्तान इस मामले में विश्व बैंक की मध्यस्थता की मांग कर चुका है। पाकिस्तान को किशनगंगा बांध को लेकर भी खासकर झेलम की सहायक नदी नीलम पर इसके प्रभाव के कारण आपत्ति है।

### पीएम मोदी से मिले वायुसेना प्रमुख

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक की। उन्होंने हालांकि इससे अधिक कोई जानकारी नहीं दी। इससे पहले, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की और उन्हें अरब सागर के अहम समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया।

### हीरा ग्रुप मिरानिया के परिवार को देगा 21 लाख

**रायपुर।** हीरा ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए दिनेश मिरानिया के परिवार को 21 लाख की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। यह सहायता जीपीआईएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत दी जा रही है, जिसका उद्देश्य श्री मिरानिया के दोनों बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करना है। कंपनी यह चेक कल आयोजित होने वाली शोक सभा के दौरान औपचारिक रूप से सौंपेगी। यह मानवीय पहल उन परिवारों के प्रति जीपीआईएल की गहरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिनके सदस्य राष्ट्र सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देते हैं।

### रक्षामंत्री बोले- देंगे मुंहतोड़ जवाब

उधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि, रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि आप (देशवासी) जो चाहते हैं वह निश्चित रूप से होगा। सिंह ने कहा कि मेरा ये दायित्व है कि देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दे और आप सब हमारे प्रधानमंत्री को अच्छे से जानते हैं। उनकी कार्यशैली से आप परिचित हैं।

कश्मीर में बड़ा हादसा

# सेना का वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिरा तीन जवान शहीद



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था।

हादसे के तुरंत बाद, एसडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए। शहीद हुए सैनिकों का नाम अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर है। उनके शवों को खाई से बाहर निकाला जा रहा है।

### लोहे का ढेर बना आर्मी ट्रक

अधिकारियों ने कहा कि हादसा इतना दर्दनाक है कि आर्मी का ट्रक दुर्घटना के बाद लोहे के ढेर में तब्दील हो गया। सेना और प्रशासन दोनों ने जवानों के बलिदान पर शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

### ड्राइवर ने खोया नियंत्रण

सेना का वाहन जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। करीब साढ़े 11 बजे जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 44 पर ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया, जिससे गाड़ी खाई में गिर गई। सेना, पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

यमन से दागी गई मिसाइल

# इजरायल एयरपोर्ट पर हमला, एअर इंडिया की फ्लाइट अबूधाबी डायवर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा इजराइल के बेन-गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइल दागी गई। विद्रोहियों द्वारा दागी मिसाइल के कारण धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया और यात्रियों में दहशत फैल गई। हूती विद्रोही गाजा में युद्ध के दौरान फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजराइल पर हमला कर रहे हैं।

इजराइल के तेल अवीव हवाई अड्डे के पास हुए हवाई हमले के कारण दिल्ली से तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की उड़ान का रविवार को सुरक्षा कारणों से अबू धाबी की ओर मार्ग परिवर्तित किया गया। सूत्रों ने बताया कि यह हमला एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई139 के तेल अवीव में उतरने से एक घंटे से भी कम समय पहले हुआ।

### भारत ने रोकी तेल अवीव की उड़ानें

एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल अवीव से उसकी उड़ानें तत्काल प्रभाव से छह मई तक निलंबित रहेंगी। रविवार को तेल अवीव से दिल्ली के लिए एयर इंडिया की उड़ान रद्द कर दी गई है। चार से छह मई के बीच जिन यात्रियों के पास तेल अवीव के लिए वैध टिकट हैं, उन्हें एक बार के लिए अपनी यात्रा की तारीख बदलने की छूट या फिर रद्दीकरण पर पूरा पैसा वापस दिया जाएगा।

### नेतन्याहू ने बुलाई बैठक

हूती विद्रोहियों के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक अहम बैठक बुलाई। इसके बाद नेतन्याहू ने अपने सुरक्षा मंत्रिमंडल के साथ भी बैठक की। बताया जा रहा है कि नेतन्याहू इस मीटिंग में हूती विद्रोहियों के खिलाफ अपने एक्शन को लेकर चर्चा की।

# बायोलॉजी आसान, केमिस्ट्री और फिजिक्स के सवालों ने फंसाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में नीट कड़ी सुरक्षा में आयोजन हुआ। केंद्रों के बाहर पुलिस के जवान तैनात रहे। केंद्र के अंदर संघन जांच के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा देने के बाद कई परीक्षार्थी काफी खुश दिखे और पेपर को संतुलित बताया। अभ्यर्थियों का कहना था कि बायोलॉजी के प्रश्नों को हल करने में कोई मुश्किल नहीं हुई।

- देशभर में कड़ी सुरक्षा के बीच नीट आयोजित



### नीट से एक दिन पहले कर ली खुदकुशी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की एक परीक्षार्थी ने रविवार को होने वाली इस परीक्षा से एक दिन पहले पार्श्वनाथ इलाके में स्थित अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### देश में ऐसा हाल

- कर्नाटक के कलबुर्गी के छात्रों से जनेऊ उतरवाने की घटना के खिलाफ ब्राह्मणों का प्रदर्शन
- राजस्थान के जयपुर में एसओजी ने नीट पेपर उपलब्ध कराने का झांसा देने के आरोप में तीन को हिरासत में लिया
- ओडिशा में मेडिकल कॉलेज में दाखिले दिलाने के लिए नीट अभ्यर्थियों से पैसे वसूलने के आरोप में चार गिरफ्तार
- तमिलनाडु के तिरुपुर में मेटल बटन की वजह से दो छात्राओं को रोका
- तिरुपुर में महिला पुलिस ने नए कपड़े दिलवाकर एग्जाम सेंटर पहुंचाया

# विधानसभा में सवाल हटाने मांगे 2.5 करोड़, ट्रैप में फंसे विधायक

**जयपुर।** भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के ट्रैप में फंस गए। उन्हें 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि पटेल ने विधानसभा में खनन से जुड़े एक प्रश्न को हटवाने के बदले परिवादी से ढाई करोड़ रुपए की मांग की थी। राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के एक मामले में रविवार को भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के विधायक जयकृष्ण पटेल को गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ एक अन्य व्यक्ति विजय कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है।



### 10 करोड़ की मांग ढाई करोड़ में सौदा

परिवादी की कुछ खदान हैं और आरोपी विधायक ने उससे जुड़े तीन सवाल विधानसभा में लगाए हैं। विधायक की ओर से परिवादी से संपर्क कर कहा गया कि अगर वह पैसे देते हैं तो वे ये प्रश्न वापस ले लेंगे। मेहरड़ा के अनुसार विधायक व परिवादी की बांसवाड़ा में मुलाकात हुई और इसमें विधायक को एक लाख रुपए दिए गए। उन्होंने बताया कि विधायक की ओर से शुरुआत 10 करोड़ रुपए की मांग से हुई थी लेकिन बाद में 2.5 करोड़ रुपए किस्तों में देना तय हुआ। परिवादी इसकी पहली किस्त के रूप में आज 20 लाख रुपए देने के लिए गया था।

पहले दिन 15 हजार श्रद्धालु पहुंचे, चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू

# भक्तों के लिए खुल गए बद्रीनाथ धाम के कपाट

एजेंसी ▶▶| बदरीनाथ

बद्रीनाथ धाम के कपाट विधि-विधान से श्रद्धालुओं की मौजूदगी में खोले गए। मंदिर को 15 टन क्विंटल फूलों से सजाया गया। हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पहले दिन करीब 15 हजार श्रद्धालु पहुंचे। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही इस साल की चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू हो गई है। उत्तराखंड के चार धामों में शामिल तीन अन्य धाम-गंगोत्री, यमुनोत्री तथा केदारनाथ पहले ही खुल चुके हैं। उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद रविवार पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोलने के साथ ही पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह छह बजे चमोली जिले में स्थित मंदिर के कपाट वैदिक



मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस मौके पर मंदिर परिसर में देश-विदेश के करीब 15 हजार श्रद्धालुओं के साथ ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय भी मौजूद थे। कपाट खुलने पर मुख्यमंत्री ने पहली महाभिषेक पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की और ▶▶|शेष पेज 6 पर

### परंपरानुसार पूजा-अर्चना

परंपरानुसार सुबह बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल, धर्माधिकारी व वेदपाठियों द्वारा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई और फिर विधि विधान से माता लक्ष्मी को गर्भ गृह से निकालकर मंदिर की परिक्रमा करा लक्ष्मी मंदिर में विराजमान किया गया। इसके बाद भगवान कुबेर जी व उद्धव जी को बदरी विशाल मंदिर के गर्भ गृह में विराजित किया गया। तत्पश्चात भगवान बदरी विशाल की चतुर्भुज मूर्ति से घृत कंबल को अलग कर उनका विधिवत अभिषेक (स्नान) ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सेना के बैंड की मधुर धुन

कपाट खुलने के दौरान पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों व सेना के बैंड की मधुर धुन और हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के 'जय बदरी विशाल' के जयकारों से भक्तिरस से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर मंदिर को लगभग 15 टन रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिसने मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। मंदिर प्रांगण में माणा और बामणी गांव की महिलाओं ने झुमैलो नृत्य किया। अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन कीर्तन गाए और हेलीकॉप्टर से मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा भी की गई, जो करीब 10 मिनट तक होती रही।


## चिंतन

# आतंकवाद के प्रायोजकों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पहलगाम की आतंकी घटना के बाद से आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ भारत की ओर से कड़े एक्शन जारी हैं। इस कड़ी में सरकार ने बगलिहार बांध के जरिये चिनाब नदी का पानी रोक दिया है, इससे चिनाब में पाकिस्तान की ओर बहाव कम हो गया है। इससे पाकिस्तान में कृषि और पर्यावरण दोनों पर असर पड़ेगा। सरकार झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है। जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है। पाकिस्तान की जल-आधारित अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार सिंधु नदी सिस्टम है। इसकी मदद से पाकिस्तान 93 फीसदी पश्चिमी नदियों के पानी का इस्तेमाल करता है। 80 फीसदी कृषि भूमि इसी जल पर निर्भर है। लाखों लोगों की रोजी-रोटी, शहरों का जल आपूर्ति नेटवर्क और हाइड्रो पावर उत्पादन इसी प्रणाली पर टिका है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ (द रेजिसटेंस फ्रंट) ने ली थी, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है, जो जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशनल है। पहलगाम हमले में जिन आतंकियों के स्कैच जारी हुए, उनमें से दो पाकिस्तानी बताए गए। बेशक पाकिस्तान ने पहलगाम हमले में अपना हाथ नहीं होने की बात कही है, लेकिन हर सबूत पाकिस्तान की तरफ ही इशारा कर रहे हैं। पाक फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की करतूतों के बारे में पाकिस्तान की सरकार को भी पता है। पाक एस्टाब्लिशमेंट पाकिस्तान की सरकार से जुदा 'सुपर सरकार' है। भारत आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ आतंक के साजिशकर्ताओं के खिलाफ भी एक्शन ले रहा है। अब तक सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित किया है, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया है, पाकिस्तानियों के वीजा को रद किया है, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की है, घाटी में आतंकवादियों के घर ध्वस्त किए गए हैं, सार्क वीजा सुविधा समाप्त कर पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए समय सीमा तय कर दी। पाक से आयात पर रोक लगा दी गई। 14 पाक यूट्यूब चैनल बंद कर डिजिटल स्ट्राइक कर दी गई, पाक पीएम, कई क्रिकेटर, सिनेमा कलाकारों के यूट्यूब चैनल व इंस्टा अकाउंट व एक्स हैंडल बंद कर दिए गए। भारत ने अपना बंदरगाह पाक जहाजों के लिए बंद कर दिया। हवाई क्षेत्र का प्रयोग बंद कर दिया गया। आईएमएफ से पाकिस्तान को कर्ज देने की समीक्षा करने के लिए कहा गया। पाकिस्तान को एफएटीएफ एक बार फिर ब्लैक सूची में डाल सकता है। ये सभी एक्शन छोटे जरूर लग रहे हैं, लेकिन इसकी मारक क्षमता काफी अधिक है। इससे खस्ताहाल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचेगी। यह पाकिस्तान सरकार को पता है। इसलिए भारत के अब तक एक्शन से बौखलाए पाकिस्तान ने बार बार परमाणु धमकी की चेतावनी दे रहा है, तो एलओसी पर लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। भारत लगातार करारा जवाब भी दे रहा है। विश्व जनमत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षमंत्री राजनाथ सिंह ने बार बार देश को आश्वस्त किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। विपक्ष सरकार के साथ है। सरकार आतंकवाद को खाद-पानी देने वालों पर वार दर वार कर रही है, लेकिन आतंकवाद के सफाए के लिए उसके स्पॉन्सरों (प्रायोजकों) पर वज्र प्रहार जरूरी है।

## दो टूक

एस.एन वर्मा



# भगदड़ से हो रही मौतों का सिलसिला तो रुके

पिछले कुछ वर्षों में देश-विदेशों में भगदड़ की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारत में भगदड़ की घटनाएं सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों पर हुई हैं। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों कथा वाचकों व राजनेताओं के भाषण के दौरान भी मची भगदड़ के कारण होने वाली मौतों की खबरें भी सामने आती रहती हैं, जिसका दृश्य हृदय विदारक तथा दिल को झकझोर देने वाला होता है। जबकि विदेशों में म्यूजिक कंसर्ट, स्टेडियम और नाइट क्लबों में भगदड़ की घटनाएं सुनने को मिलती हैं। पर्यटक स्थलों पर भीड़ और पर्यटकों के आगमन के प्रबंधन सहित पर्यटकों की सुरक्षा और हिफाजत मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है,वहीं निजी और धार्मिक कार्यक्रमों में भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी आयोजकों और स्थानीय प्रशासन की होती है। लेकिन समुचित सुरक्षा व्यवस्था के न होने तथा भीड़ प्रबंधन तंत्र की नासमझी के कारण भगदड़ मचती रहती है। भारत में धार्मिक स्थलों पर भगदड़ किसी विशेष पूजा या उत्सव के दौरान मचती है जब भीड़ अनियंत्रित हो जाती है,श्रद्धालु सीढ़ियों पर या पूजा स्थलों पर गिर जाते हैं। पिछले वर्ष एक बाबा के प्रवचन के दौरान तो आशीर्वाद लेने की होड़ में भीड़ अनियंत्रित हो गयी और इससे मची भगदड़ में सौ से ज्यादा लोागों की मृत्यु हो गयी थी। ताजा उदाहरण गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ है जिसमें करीब 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। पिछले महीनों ही कुंभ मेला तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ भी इसके खासे उदाहरण हैं। भगदड़ के अनेक उदाहरण हैं, सबका वर्णन करना यहां संभव नहीं है। भगदड़ का तात्पर्य एक ऐसी स्थिति से है, जिसमें किसी अवसर पर मनुष्य अनियंत्रित तरीके से एक ही दिशा में किसी डर अथवा भय के कारण तेजी से भागते हैं। भागने वालों का लक्ष्य उस स्थान से दूर जाना होता है, रास्ते की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती है और न ही उन्हें इस बात का पता होता है कि उन्हें भागकर कहां तक पहुंचना है। इस अनियंत्रित भागदौड़ की स्थिति को ही भगदड़ कहा जाता है। किसी विशेष स्थान पर भीड़ क्षमता से ज्यादा बढ़ जाती है, तब ऐसी स्थिति पैदा होती हैं। भगदड़ के दौरान, भागते हुए लोग आपस में टकराते हैं और एक दूसरे के ऊपर गिर जाते हैं, जिसके कारण कई बार लोगों की दबने से मृत्यु तक हो जाती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश दुनिया में भगदड़ की जो भी बड़ी घटनाएं हुईं, उनमें करीब 79 फीसदी मामले धार्मिक आयोजन के दौरान हुए थे। ज्यादातर अफरा-तफरी अफवाहों की वजह से होती है। इसमें भीड़ जुटाने वाले लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत होती है। भगदड़ में सबसे अधिक असुरक्षित महिलाएं, बच्चे और वृद्ध लोग होते हैं। भगदड़ को रोका जा सकता है। अगर क्राउड मैनेजमेंट को कंट्रोल कर लें, जिनके द्वारा आयोजन कराया जा रहा है उन्हें अगर भीड़ कितनी आएगी, स्थान विशेष पर कितना लोगों का दबाव होगा, इसकी सटीक जानकारी और बेहतर इंतजाम हों तो हादसे को कंट्रोल किया जा सकता है। कई तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भीड़ काबू में की जा सकती है। भीड़ के दबाव को लाइन में लगाकर कम किया जा सकता है। भगदड़ की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग का इंतजाम होना चाहिए और वीवीआईपी मेहमानों के लिए सही तरीके से आगमन के उपाए होने चाहिए। बैरिकेड लगाकर, स्नेक लाइन एप्रोच बनाकर भीड़ को काबू में किया जा सकता है। ये वो तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भगदड़ के प्रभाव को न्यूट्रल किया जा सकता है। किसी प्रकार की अफवाह होने की दशा में तत्काल प्रभाव से सही जानकारी मुहैया कराया जाना चाहिए। राजनेताओं , कथा वाचकों तथा तथाकथित धर्म गुरुओं के बड़े कार्यक्रम बड़े मैदानों में किया जाए तो फिर भगदड़ की संभावना कम हो जाती है। भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन 1.0 के अंतर्गत विषयगत सर्किटों की पहचान की गई है और परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों ने किसी न किसी रूप में पर्यटक पुलिस की तैनाती की है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्मार्ट सिटी का सपना रह गया अधूरा



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में साल 2015 में शहरों की शक्ल- सूरत और सीरत संवारने के लिए 'स्मार्ट सिटी मिशन' का आगाज किया था। इस योजना के तहत पांच चरणों के बाद चुने गए 100 शहरों के बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ इन शहरों में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा गया। इस मिशन के तहत शहरी जनजीवन के गुणवत्ता में सुधार, सुरक्षा और संचार प्रौद्योगिकी का विकास, गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था की सुनिश्चितता और जनभागीदारी से सरकारी कामकाज में सुधार जैसे उद्देश्य भी निर्धारित किए गए थे। जानकारी के मुताबिक बीते 10 सालों में तीन बार डेडलाइन बढ़ाने के बाद महज 16 शहरों में ही इस योजना के प्रोजेक्ट शत-प्रतिशत पूरा हो पाए जबकि 84 शहरों में 14 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट अधूरे हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि अब स्मार्ट सिटी मिशन को पूरा करने के लिए न तो समय सीमा बढ़ाई जाएगी और न ही दूसरे नाम या स्वरूप में यह योजना लाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, नवा रायपुर (अटल नगर) और बिलासपुर को स्मार्ट सिटी मिशन के लिए चुना गया था। राज्य के ये तीनों शहर आज भी स्मार्ट सिटी के लक्ष्य से कोसों दूर हैं बल्कि इन शहरों में अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अधूरे ही रह गए। आलम यह है कि इन शहरों की पहचान गड्ढे और धूल बन चुकी है जिसका खामियाजा शहरवासियों को चुकाना पड़ रहा है। बीते दिनों तेज आंधी के बाद इन शहरों के अधिकांश हिस्सों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई फलस्वरूप जल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। आंधी के चलते बिजली तारों के टूटने की वजह से इन शहरों के अनेक रहवासी इलाके 24 घंटे से ज्यादा अंधेरे में डूबे रहे जबकि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहरों के विद्युत और संचार लाइनें अंडरग्राउंड करने की योजना थी। इन शहरों में चौक-चौराहों पर अवारा मवेशियों का जमावड़ा, बरसात में जलभराव, अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या आम हो चुकी है। शहरों को स्मार्ट बनाने के लिए लागू की गई इस योजना में भ्रष्टाचार, फिजूलखर्ची और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों ने मोदी के सपनों को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ा। मिशन में शामिल शहरों में विभिन्न प्रोजेक्टस के लिए जिस तरह बार-बार सड़कों की खुदाई की गई उसके चलते शहरवासी यही उलाहना देते रहे कि गोया स्मार्ट सिटी की बात छोड़िए इन्हें रहने लायक ही बना दीजिए।

बहरहाल स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रोजेक्ट अधूरे रहने के कारणों पर गौर करें तो प्रमुख रूप से भूमि अधिग्रहण में अड़ंगा, निर्माण एजेंसियों की अनुपलब्धता, अधिकारियों के तबादले और उदासीनता जैसे कारण जवाबदेह रहे। इसके अलावा कई शहरों में विभिन्न योजनाओं में अधिकारियों की दूरदर्शिता में कमी के चलते जन-विरोध भी सामने आया। अनेक शहरों में जिम्मेदारों ने शहर को स्मार्ट बनाने के लिए नदियों और तालाबों में स्पोर्ट्स और व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ाने जैसी अव्यवहारिक योजनाओं को लागू किया जो पर्यावरण और ईकोसिस्टम के लिहाज से अदूरदर्शिता पूर्ण फैसला था। सौंदर्यीकरण के नाम पर जलस्रोतों के वाटर बॉडी को पाटकर कांक्रीटीकरण किया गया फलस्वरूप इनकी रिचार्ज क्षमता घट रही है वहीं बरसात में जलभराव भी हो रहा है। चौपाटियों में लगने वाले ठेलों और खोमचों के कचरा, अपशिष्ट और खाद्य पदार्थ नदियों और तालाबों में डाले जा रहे हैं जिससे इनका ईकोसिस्टम प्रभावित हो रहा है। शैक्षणिक संस्थानों के खेलकूद के मैदान व्यवसायीकरण के भेंट चढ़ चुके हैं



वहीं इनके सरहदी दीवारों पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स तन चुके फलस्वरूप संस्थानों के शैक्षणिक वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। शहरों की पहचान उसकी रचनाधर्मिता होती है लेकिन अधिकांश शहरों में रंगकर्मियों, कलाप्रेमियों, साहित्यकारों को अपने प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए प्रेक्षागृह या थियेटर का सर्वथा अभाव है। शहरों के लचर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के चलते आम नागरिक स्वयं के दोपहिया या चार पहिया पर निर्भर है फलस्वरूप सड़कों पर अनावश्यक रूप से वाहनों की भीड़ तथा प्रदूषण बढ़ रहा है। तालाब भूमिगत जलस्त्रोत के रिचार्ज के सबसे बड़े संसाधन हैं लेकिन अतिक्रमण और व्यवसायीकरण के चलते सभी प्रमुख शहरों में तालाब बड़ी तेजी से खत्म हुए हैं फलस्वरूप महानगरों और शहरों में पेयजल की भीषण समस्या है जो भविष्य में और भी भयावह होगी।

गौरतलब है कि किसी भी देश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है, शहर जहां विकास, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह नवाचार, समृद्धि और रोजगार का जनक भी होता है। भारत के कुल जीडीपी में शहरों का योगदान 63 फीसदी है। इतिहास गवाह है कि शहर और वहां की जीवनशैली लोगों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहा है। शहरों की इन तमाम खूबियों के बावजूद भारतीय शहर कुछ अलग ही तस्वीर बयां कर रहे हैं। महानगरों और बड़े शहरों पर गौर करें तो हमारे अधिकतर शहर अनियोजित विकास और जनसंख्या के बढ़ते दबाव के चलते हांफने लगे हैं। शहरों के वाशिंदे पेयजल, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। गौरतलब है कि आर्थिक उदारीकरण और ग्रामीण विकास की अनदेखी के कारण देश में शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की रफ्तार काफी तेज हुई है। भारत शहरीकरण के मामले में विश्व का दूसरा बड़ा देश है जहां 7933 बड़े और छोटे शहर हैं जिसमें 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले 53 शहर हैं जो 2030 तक 70 तक पहुंच सकती है। दरअसल शहरों के ज़द में आने वाले गांव भी शहरों का हिस्सा बन रहे हैं लेकिन इस अनुपात में सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध नहीं है। गांवों में रोजगार के सीमित अवसर होने के कारण हर साल लाखों लोग नौकरी की तलाश में शहरों का रुख कर रहे हैं। साल 2011 के जनगणना के मुताबिक देश के कुल आबादी में से 31.16 फीसदी लोग शहरों में निवास करते हैं जिसकी 2031 तक 40 फीसदी होने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र संघ के एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2031 तक भारतीय शहरों की जनसंख्या 60 करोड़ होने का अनुमान है यानि लगभग आधी आबादी महानगरों, शहरों और कस्बों के बाशिंदे होंगे। इन परिस्थितियों में अहम सवाल यह कि क्या जनसंख्या के इस बोझ को उठाने के लिए क्या हमारे शहर सक्षम होंगे?

गौरतलब है कि भारतीय शहरों की प्रमुख समस्या यातायात और पार्किंग, नाकाम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम, वाहनों की बढ़ती संख्या, झुग्गी और मलिन बस्तियां, बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण, अतिक्रमण, बिजली आपूर्ति, आवारा मवेशियों का जमावड़ा, लचर सीवरेज सिस्टम और वेस्ट मैनेजमेंट, बढ़ती आर्थिक असमानता और अपराध है। शहरों में बारिश के दौरान ट्रैफिक जाम, जलभराव, जमीन धसकने और बिजली करंट फैलने जैसी घटनाएं अब आम हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 14 शहर शामिल हैं। स्विस कंपनी आईक्यू एयर के शोध के मुताबिक विश्व के टॉप 100 प्रदूषित शहरों में से 65 भारतीय शहर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' ने दुनिया के 1650 शहरों के वायु प्रदूषण पर एक सर्वेक्षण किया था जिसके मुताबिक भारत की राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता अन्य शहरों की तुलना में बहुत खराब है। एक अन्य सर्वे के अनुसार दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित दूसरी राजधानी है जहां वायु प्रदूषण के चलते हर साल अक्टूबर से लेकर पूरे सर्दियों के मौसम में 'हेल्थ इमरजेंसी' लगानी पड़ती है।

दरअसल शहरों में बढ़ते प्रदूषण के लिए प्रशासन और नागरिक दोनों जवाबदेह हैं। घरेलू कोयला की सिगड़ी और चूल्हा, वाहनों व उद्योगों से निकलने वाले धुंआ और अधोभूत संरचना विकास तथा निर्माण कार्यों के कारण उड़ने वाले धूल वायु प्रदूषण में इजाफा कर रहे हैं जनस्वास्थ्य और ग्लोबल वार्मिंग के लिए खतरा है।नुकसानदायक धुंआ और धूल के कारण शहरी आबादी श्वसन तंत्र से लेकर एलर्जी, चर्मरोग और कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का सामना कर रही है। औद्योगिक अपशिष्ट और नालियों का पानी प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मिल रहे हैं फलस्वरूप पेयजल प्रदूषित हो रहे हैं फलस्वरूप शहरों में पीलिया, आंत्रशोथ, टायफाइड सहित अनेक रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शहरों के ड्रेनेज सिस्टम की नाकामी और समुचित सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल शहरवासी डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों का शिकार हो रहे हैं। शहरों में बढ़ते कल-कारखानों और वाहनों के कारण ध्वनि प्रदूषण जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन रही है। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, दफ्तरों और घरों में एयरकंडीशनर के बढ़ते उपयोग तथा पेड़ों के अंधाधुंध कटाई के कारण शहरों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बहरहाल इन समस्याओं के लिए जितना जवाबदेह शासन और प्रशासन है उतनी ही जिम्मेदार आम नागरिक भी हैं। बात नागरिक कर्तव्य की करें तो इस दिशा में आम नागरिक बेहद उदासीन और लापरवाह हैं फलस्वरूप शहरों में गंदगी और प्रदूषण लगातार बढ़ रहे हैं।अलबत्ता शहरों की दुश्वारियों को दूर करने के लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करनी होगी वहीं नागरिकों को भी अपने आचरण में स्वअनुशासन लाना होगा तभी हमारे शहर सांस्कृतिक और आर्थिक विकास तथा नवाचार के केंद्र बनेंगे।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं।)*

# योगः कर्मसु कौशलम




संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

# तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित

प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### प्रेस का महत्त्व समझें

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाए जाने की घोषणा की थी। हमारे देश के सबसे पहले समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। यह पहला हिंदी समाचार पत्र था। इसका नाम है उदंत मार्तण्ड। और अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचारपत्र प्रकाशित होते हैं। जितनी आजादी से हमारे देश में मीडिया अपना काम करता है, उतना शायद अन्य किसी देश में नहीं होता। लड़ाई हो तो पत्रकारों को बुलाओ, सड़क नहीं बनी तो पत्रकारों को बुलाओ, पानी नहीं आ रहा तो पत्रकारों को बुलाओ, नेतागिरी में हाईलाइट होना है तो पत्रकारों को बुलाओ, पुलिस नहीं सुन रही तो पत्रकारों को बुलाओ, प्रशासन के अधिकारी नहीं सुन रहे तो पत्रकारों को बुलाओ। कई समस्याओं के समाधान में मीडिया महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। *- पुलकित वर्मा, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# चीन, जापान पर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप



जापान और चीन ने पूर्वी चीन सागर में जापानी नियंत्रण वाले उन द्वीपों के आसपास के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का एक-दूसरे पर आरोप लगाया है, जिन पर बीजिंग भी अपना दावा करता है। जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार को चीन की चार तटरक्षक नौकाओं में से एक से उड़ान भरने वाले एक चीनी हेलीकॉप्टर ने सेनकाकू द्वीप के आसपास जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था, तथा लगभग 15 मिनट तक क्षेत्र का उल्लंघन किया था, जिसे लेकर उसने बीजिंग के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के जवाब में उसने भी लड़ाकू विमान भेजे। चीन नियमित रूप से द्वीपों के आसपास के जलक्षेत्र और वायुक्षेत्र में क्रमशः तटरक्षक जहाजों और विमानों को भेजता है, ताकि क्षेत्र में जापानी जहाजों को परेशान किया जा सके। चीन इन द्वीपों को दियाओयू कहता है। जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसनेजापान में चीनी दूतावास के समक्ष 'बहुत गंभीर विरोध' दर्ज कराया है। विरोध में कहा गया है कि चीन के तटरक्षक बल की कार्रवाई जापान की संप्रभुता का उल्लंघन करती है और चीनी सरकार से निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

## ऑफ बीट

# मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक



मसूड़ों की बीमारी - जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है - एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।

## ट्रेंड

### स्वामी शिवानंद को श्रद्धांजलि



योग के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले काशी के प्रख्यात योग गुरु 'पद्म श्री' स्वामी शिवानंद का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपकी साधना एवं योगमय जीवन संपूर्ण समाज के लिए महान प्रेरणा है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### राजनीति का विषय नहीं



पानी से संबंधित एक-एक आंकड़ा और एक-एक प्वाइंट हमारे पास है। हमें उतना ही पानी चाहिए, जितना पहले हमें दिया गया है। पंजाब के परिवारजन भी इस बात को समझते हैं, यह राजनीति का विषय नहीं है, बल्कि लोगों को पानी देने का विषय है।

-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

### हार्दिक शुभकामनाएं



दिल्ली भाजपा परिवार के सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी नियुक्ति संगठन की कार्यक्षमता को और सशक्त करेंगी तथा पार्टी के विचारों, मूल्यों और सेवा भाव को मजबूती से स्थापित करेंगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### बड़ी उपलब्धि का मोल



सपा के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव जैसे श्रेष्ठ लोगों से मिली सराहना हमारा उत्साह बढ़ाती है। बड़ी उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है, जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पाई हो।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com

वेब-साइट: www.haribhoomi.com

*पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच भारत के दोस्त रूस ने ऐसी अत्याधुनिक रक्षा प्रणाली के हथियार दिए हैं जिनके सामने दुश्मन के ड्रोन और अन्य हवाई हमले फेल हो जाएंगे। भारत ने अपनी वायु सुरक्षा को मजबूत करने के लिए रूस से लगभग 260 करोड़ की इग्ला-एस मिसाइलें खरीदी हैं। ये मिसाइलें छोटी, कंधे पर ले जाने वाली मिसाइलें दुश्मन के निचले स्तर पर उड़ने वाले विमानों, ड्रोन और हेलिकॉप्टरों को मार गिराने में सक्षम हैं। ये मिसाइल पलक झपकते ही दुश्मन के ड्रोन का खात्मा कर सकती है।*

# दोस्त रूस ने दिया कवच, जिसके सामने पाकिस्तानी ड्रोन-चॉपर सब फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इग्ला-एस मिसाइलें 1990 के दशक में ईजाद की गईं थीं, लेकिन सरकार ने इनका अपडेटेड वर्जन खरीदा है। जो बेहतर प्रतिरोध क्षमता और सीकर सटीकता के साथ वार करती हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इग्ला-एस के अलावा स्वदेशी एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम भी तैनात किया गया है, जो 8 किमी से अधिक दूरी से ड्रोन को रोकने में सक्षम है। इसके लेजर ड्रोन को जलाकर गिरा देंगे। एयरफोर्स ने इसकी मदद से हाल ही में पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया है।

**अचूक निशाना लगाती है ये मिसाइल :** सेना और वायुसेना के पास 1989 से ही पुरानी इग्ला-1एम सिस्टम है, लेकिन कंधे से दागी जाने वाली इग्ला-एस एक बेहतर संस्करण है जिसकी इंटरसेप्शन रेंज 6 किलोमीटर तक है। इन मिसाइल को एक सैनिक कंधे पर रखकर चला सकता है। ये लक्ष्य को पहचानने और लॉक करने के बाद ये अपने आप उसे भेद देती हैं।

## पोर्टेबल मिसाइलें व कंधे से दागने में आसान

इग्ला एस वायु रक्षा मिसाइलें पोर्टेबल और कंधे से दागी जाने वाली मिसाइलें हैं, जो दुश्मन के कम उड़ान वाले विमान, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों को ध्वस्त करने के लिए डिजाइन की गई हैं। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, भारतीय सेना को कुछ हफ्ते पहले ही इग्ला-एस वायु रक्षा मिसाइलों की नई आपूर्ति मिली है।



### इग्ला-एस मिसाइल की वर्किंग प्रोसेस

इग्ला-एस मिसाइल कंधे से लॉन्च की जाने वाली और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) हैं, जो इन्फ्रारेड (आईआर) होमिंग का उपयोग कर हवाई लक्ष्यों के ताप संकेतों को लॉक कर देती हैं। फायर करते ही यह मिसाइल टारगेट (दुश्मनों के विमान) के इंजन तक पहुंच जाती हैं। यह मिसाइल 6 किमी दूर और 3.5 किमी की उंचाई पर लक्ष्य भेदने में सक्षम हैं।

**डीआरडीओ की तैयारी :** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन लंबी दूरी और उच्च शक्ति वाली वायु रक्षा मिसाइल विकसित कर रहा है, जो युद्ध के दौरान बड़े यूएवी, क्रूज मिसाइलों और विमानों को मार गिराने में सक्षम होगा।

### पूरा सिस्टम 18 किलो, लंबाई 6 फीट

इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम होता है. जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम। सिस्टम की लंबाई 5.16 फीट होती है। व्यास 72 मिलिमीटर। इस मिसाइल की नोक पर 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाया जाता है। इग्ला-एस की रेंज 5 से 6 किलोमीटर है। अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है। यह मिसाइल 2266 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से टारगेट की तरफ बढ़ती है। यानी दुश्मन को बचने का मौका कम ही मिलता है। सरकार द्वारा सेना को दिए गए आपातकालीन खरीद अधिकारों के तहत लगभग 260 करोड़ रुपये की लागत से यह सौदा किया गया था।

---

## खबर संक्षेप

### राजनाथ की आज जापान के रक्षा मंत्री संग वार्ता



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को जापान के अपने समकक्ष जनरल नकातानी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। यह वार्ता पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव तथा दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों की पृष्ठभूमि में होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय और जापानी पक्ष मौजूदा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा हालात पर ''विचारों'' का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

### केंद्र की हर कार्रवाई का समर्थन करेंगे : प्रियंका



**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उनकी पार्टी पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में केंद्र सरकार की किसी भी कार्रवाई का पूरा समर्थन करेगी। वायनाड की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार पहलगाम हमले के मद्देनजर तेजी से कार्रवाई करेगी। प्रियंका ने केंद्र से कहा कि यह एक राष्ट्र के रूप में 'पाकिस्तान को सबक सिखाने' के लिए हमारी सामूहिक इच्छाशक्ति दिखाने का समय है।

### कार की ठोकर से तीन नाबालिग लड़कों की मौत

**बरेली।** बरेली जिले के शाही थाना इलाके में एक तेज रफ़्तार कार की चपेट में आने से तीन नाबालिग लड़कों की मौत हो गयी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना शनिवार की रात हुई जब बारात से वापस लौट कर बैंड का सामान व रोड लाइट समेटने का काम कर रहे चार नाबालिग लड़कों को तेजी से आ रही एक कार ने सड़क किनारे टक्कर मार दी। हादसे में एक लड़के की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। एक अन्य की हालत भी नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया था।

---

### अमेरिका में राहुल गांधी ने राम को बताया पौराणिक पात्र, भाजपा ने लिया आड़े हाथ

# ऑपरेशन ब्लू स्टार कांग्रेस की गलती, 80 के दशक में जो हुआ उसकी जिम्मेदारी लेता हूं

### सिख युवक ने किया था सवाल, बोला- कांग्रेस राज में बोलने की आजादी नहीं थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी से 1984 में हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल पूछा गया। इस पर राहुल गांधी ने कहा- जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। इस कार्यक्रम की वीडियो बाहर आने के बाद, बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा- अब राहुल गांधी की आलोचना सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि विदेशों में भी होने लगी है। अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी से सिख युवक ने ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल किया था। इसके अलावा उन्होंने वहां भगवान राम को पौराणिक पात्र भी कहा जिस पर न केवल भाजपा बल्कि बद्रीनाथ पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद भी भड़क गए।



#### राम के लिए क्या कहा था राहुल ने

राहुल गांधी से पूछा गया था कि हिंदू राष्ट्रवाद के दौर में सभी समुदायों को साथ लेकर चलने वाली धर्मनिरपेक्ष राजनीति कैसे बनाई जा सकती है? इसके जवाब में राहुल गांधी ने कहा, "हमारे पौराणिक पात्र, जैसे भगवान राम, करुणामय और क्षमाशील थे. मैं बीजेपी की सोच को हिंदुत्व नहीं मानता. मेरे लिए असली हिंदू विचार बहुलतावादी, सहिष्णु, और प्रेमपूर्ण है।

#### कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार

सिख युवक ने आगे कहा- आनंदपुर साहिब रिजॉल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं। सिख युवक ने कह- हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी।

#### 80 के दशक में मारे गए थे 3 हजार से ज्यादा सिख

इस पर राहुल गांधी ने कहा- मुझे नहीं लगता कि सिख किसी चीज से डरते हैं। कांग्रेस की ये गलतियां तब की हैं जब मैं वहां नहीं था। लेकिन मैं कांग्रेस के इतिहास में जो कुछ भी गलत हुआ, उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। 1980 के दशक में इंदिरा गांधी सरकार ने पंजाब में उग्रवाद के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। इसमें भिंडरांवाले की मौत हुई थी और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या हुई और देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़के। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन दंगों में 3,000 से ज्यादा सिख मारे गए थे।

#### राहुल को हिंदू धर्म से बहिष्कृत किया जाए : शंकराचार्य



ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि राहुल गांधी अब हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने उन्हें हिंदू धर्म से सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत करने की घोषणा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब राहुल गांधी का मंदिरों में विरोध होना चाहिए। पुजारियों से अपील की कि वे उनकी पूजा न करें क्योंकि वे अब स्वयं को हिंदू कहने के अधिकारी नहीं हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बद्रीनाथ स्थित शंकराचार्य आश्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह कहा।

#### भगवान राम को बताया 'पौराणिक पात्र', भाजपा भड़की

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी स्थित वॉटसन इंस्टीट्यूट में एक चर्चा के दौरान भगवान श्रीराम को "पौराणिक पात्र" बताया। उनके इस बयान पर सियासी घमासान छिड़ गया है। भाजपा ने राहुल गांधी को राम विरोधी और हिंदू विरोधी बताते हुए उन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने कहा राम का अस्तित्व नकारने वाली कांग्रेस, अब उन्हें पौराणिक पात्र कह रही है। यही पार्टी राम मंदिर निर्माण का विरोध कर चुकी है। यह बयान राहुल और सोनिया की राम विरोधी और हिंदू विरोधी मानसिकता को दर्शाता है"

---

# सीमा हैदर पर जानलेवा हमला, घर में घुसकर मारे थप्पड़, दबाया गला

### काला जादू करने का शक

- गुजरात से आए आरोपी ने की काला-जादू वाली बात



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव बढ़ गया है। पड़ोसी मुल्क से अपने पति को छोड़कर आई सीमा हैदर भी सुर्खियों में हैं। ग्रेटर नोएडा से सटे रबूपुरा में प्रेमी सचिन मीणा से शादी करके रह रहीं सीमा के घर में देर शाम एक अंजान शख्स घुस आया। उस शख्स ने पहले सीमा को कई थप्पड़ मारे और फिर गला दबाने की कोशिश की। सीमा हैदर के शोर मचाने पर परिजन और पड़ोसियों ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने सीमा पर काला जादू किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद सीमा हैदर की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

#### मानसिक रोगी और ब्लैक मैजिक का चक्कर

सीमा हैदर के घर में एक संदिग्ध युवक के घुसने की सूचना मिलने पर रबूपुरा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान गुजरात के सुरेंद्र नगर निवासी तेजस के रूप में हुई। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में युवक मानसिक रोगी लग रहा है।

#### गुजरात से ग्रेटर नोएडा आया हमलावर

पुलिस के मुताबिक इस वारदात में शामिल आरोपी गुजरात से बस पकड़कर यहां तक आया। जब वह सीमा हैदर के घर पहुंचा तो दरवाजा बंद मिला। उसने दरवाजे पर लात मारी, जिसके बाद सीमा ने गेट खोला। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने सीमा का गला दबाया और थप्पड़ मारे। इस बीच हल्ला और शोर मचाने पर लोग वहां इकट्ठा हो गए।


---

**पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय**

# 16 राज्यों में गिरा पारा; पांच दिन आधे देश में आंधी-बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश समेत 16 राज्यों में शनिवार को कई जगह आंधी-बारिश और तेज हवाओं के कारण मौसम सुहाना बना रहा। इस दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश और तेलंगाना में कुछ जगह ओलवृष्टि हुई और केरल, कर्नाटक के आंतरिक इलाकों और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार-पांच दिनों तक तकरीबन आधे देश में आंधी बारिश का यह दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, आगामी 7 मई तक उत्तर पश्चिम भारत में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। अगले चार-पांच दिन मध्य, पूर्व,



प्रायद्वीपीय भारत में बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने का पूर्वानुमान है। वहीं, 5 से 8 मई तक पूर्वोत्तर भारत में गरज के साथ भारी बारिश और बिजली गिरने के आसार हैं। उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और आंधी का पूर्वानुमान है। कुछ जगह ओलावृष्टि भी होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, 7 मई तक मौसम इसी तरह का रहेगा।

#### कई राज्यों में गरज के साथ होगी भारी बारिश

मौसम विभाग ने बताया कि उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में एक पश्चिमी विक्षोम सक्रिय होने और ऊपरी हवा का एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और दूसरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थित होने से मौसम फिलहाल गर्मी से राहत देने वाला ही बने रहने का अनुमान है।

#### मप्र सहित इन राज्यों में ओलावृष्टि के आसार

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ सहित असम, मेघालय, मध्य प्रदेश, बंगाल और झारखंड के कुछ स्थानों पर 50-60 किमी/घंटा की गति से तेज हवाएं चलने, बारिश तथा कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना व्यक्त की है। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश, बंगाल और सिक्किम में बारिश होने की भी संभावना बनी हुई है। उत्तराखंड के सभी जिलों में गर्जन के साथ बिजली चमकने, ओलावृष्टि और 50-70 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी भी हो सकती है।

---

**कश्मीर तक ट्रेन पहुंचने से बौखलाया पाक भेजे आतंकी**

# ट्रेन उद्घाटन के वक्त करने वाले थे आतंकी हमला, तारीख टली तो पहलगाम को दहलाया

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पहलगाम आतंकी हमले की जांच के दौरान अहम खुलासा हुआ है। एजेंसियों के मुताबिक, कटड़ा से श्रीनगर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान आतंकी हमला करना चाहते थे। हालांकि जब उनकी यात्रा टाल दी गई तब आतंकियों ने पहलगाम में अपने मंसूबों को अंजाम दिया। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया एजेंसियों को जो इनपुट मिले थे, उसके अनुसार आतंकियों के निशाने पर वंदे भारत ट्रेन थी। देश की सर्वाधिक गति वाली ट्रेनों में से एक वंदे भारत के कश्मीर तक पहुंचने से वे बौखलाए हुए थे। जब इसके उद्घाटन की तारीख टल गई तो आतंकियों ने पहलगाम में पर्यटकों का नरसंहार कर दिया।



**पर्यटकों से पहले ही मिल गए थे दो स्थानीय आतंकी :** जांच कर रहे अफसरों ने कहा कि अब तक जो बात सामने आ रही है, उससे पता चला है कि दो स्थानीय आतंकी पहले से ही पर्यटकों के साथ मिल गए थे। जैसे ही पहली गोली चली उन्होंने पर्यटकों को एक फूड कोर्ट परिसर में इकट्ठा कर लिया, जहां दो अन्य पाकिस्तानी आतंकवादी थे।

#### पीएम मोदी की यात्रा हो गई थी स्थगित

सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिले थे कि आतंकवादी कटड़ा से श्रीनगर के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देना चाहते हैं। हालांकि कटड़ा क्षेत्र में तेज हवा चलने के पूर्वानुमानों के कारण प्रधानमंत्री की 19 अप्रैल को होने वाली यात्रा स्थगित कर दी गई।

#### प्रतिबंधित कंपनी के सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल

पहलगाम आतंकी हमले की जांच के दौरान अहम खुलासा हुआ है कि हमले के वक्त बायसरन इलाके में प्रतिबंधित चीनी कंपनी हुवावे के सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल हुआ था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आशंका जताई कि फोन पाकिस्तान या किसी अन्य देश से तस्करी कर लाया गया था। देश में चीनी दूरसंचार कंपनियां हुवावे और झोंगक्सिंग टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट को 5जी नेटवर्क के लिए उपकरण बेचने की इजाजत नहीं है।

#### भारत की दहशत में पाकिस्तान

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही पाकिस्तान डरा हुआ है। वह भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से छटपटा रहा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। पाकिस्तान को डर है कि भारत सर्जिकल और एयर स्ट्राइक से भी खतरनाक ऑपरेशन कर पहलगाम के मासूम लोगों का बदला लेने की तैयारी कर रहा है।



खबर संक्षेप

## अंगोला ने किया भारतीय कंपनियों को आमंत्रित



**नई दिल्ली।** अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको ने रविवार को भारतीय उद्योगों को उनके देश में ऐसे अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया, जो अफ्रीकी राष्ट्र को उनकी निर्यात रणनीतियों के केंद्र में रख सकें। उन्होंने कृषि, फार्मास्युटिकल और नवीकरणीय ऊर्जा सहित आपसी सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला।

## पूंजीकरण में रिलायंस व एसबीआई लाभ में रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में सामूहिक रूप से 2.31 लाख करोड़ रुपये (2,31,177.3 करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी हुई। स्थानीय शेयर बाजार में सुधार के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रही।

## बीते सप्ताह सरसों और सोयाबीन तेल में गिरावट



**नई दिल्ली।** देश में मूंगफली, सोयाबीन की बिजाई का समय निकट आने के साथ सहकारी संस्था नेफेड द्वारा इन दोनों फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम हाजिर दाम पर की जा रही बिकवाली के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल और सोयाबीन तिलहन को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

# उपज बढ़ाने पहली जीनोम-संवर्धित चावल की किस्मों का अनावरण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा विकसित पहली जीनोम संवर्धित चावल किस्मों- 'डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी चावल 1' का अनावरण किया। इन किस्मों से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ चावल की पैदावार को 30 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकेगा। चौहान ने कहा, "यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है... जल्द ही, चावल की ये किस्में किसानों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि नई किस्मों से चावल की पैदावार 20-30 प्रतिशत बढ़ जाएगी, जल संरक्षण होगा और चावल की खेती से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी।

- चावल उत्पादन राज्य छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश आदि को मिलेगा फायदा

**कृषि मंत्री चौहान ने कहा, उपज 30 फीसदी तक बढ़ेगी**

### धान उत्पादन राज्यों के लिए अनुशंसित

इन किस्मों को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों के लिए अनुशंसित किया गया है। वैज्ञानिकों ने इन दोनों किस्मों को दो व्यापक रूप से उगाए जाने वाले चावल प्रकार - सांबा महसूरी (बीपीटी5204) और एमटीयू1010 (कॉटनडोरा सन्नालू) को बेहतर जलवायु अनुकूलनशीलता के साथ विकसित किया।





### किस्म 20 दिन पहले पक जाती है

दोनों किस्में बेहतरीन सूखे की सहनीयता और उच्च नाइट्रोजन-उपयोग दक्षता प्रदर्शित करती हैं। मंत्री ने कहा कि डीआरआर धान 100 (कमला) अपनी मूल किस्म की तुलना में लगभग 20 दिन पहले (130 दिन) पक जाती है, जिससे जल्दी कटाई संभव हो जाती है और फसल चक्र या कई फसल चक्रों की संभावना होती है। डीआरआर धान 100 (कमला) की कम अवधि किसानों को तीन सिंचाई बचाने की सुविधा देती है।

### 45 लाख टन अतिरिक्त धान का होगा उत्पादन

चौहान ने कहा कि 50 लाख हेक्टेयर में दोनों किस्मों की खेती से 45 लाख टन अतिरिक्त धान का उत्पादन हो सकता है। मंत्री ने कहा, "भारत उन्नत प्रौद्योगिकियों की खोज करके कृषि क्षेत्र को विकसित किए बिना विकसित राष्ट्र का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने आईसीएआर के वैज्ञानिकों से देश की आयात निर्भरता को कम करने के लिए दलहन और तिलहन की बेहतर किस्में विकसित करने का आह्वान किया।

## भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ फियो ने किया आग्रह

# रुपए में व्यापार की सुविधा देने वाले बैंकों की सूची सार्वजनिक करे रिजर्व बैंक : फियो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से रुपये में व्यापार निपटान प्रणाली (एसआरवीए) की पेशकश करने वाले बैंकों के बारे में जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा करने का आग्रह किया है।**

निर्यातकों के संगठन का कहना है कि जागरूकता की कमी की वजह से इसका अभी सीमित उपयोग हो रहा है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने बताया कि यह प्रणाली व्यापार को सरल बनाती है और विदेशी मुद्रा बचाती है, लेकिन कई निर्यातकों को यह नहीं पता है कि इसका उपयोग कहां से किया जाए।

### आरबीआई ने 2023 में एसआरवीए की अनुमति दी थी

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2023 में देश में काम करने वाले बैंकों को स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत निर्दिष्ट देशों के साझेदार बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) खोलने की अनुमति दी थी। इससे निर्यातकों और आयातकों को अपनी-अपनी घरेलू मुद्रा में चालान और भुगतान करने में मदद मिलती है, जिससे द्विपक्षीय विदेशी विनिमय बाजार का विकास संभव हो पाता है।

### कुछ देशों के साथ रुपए में व्यापार करना आसान

रल्हन ने कहा कि इस प्रणाली से कुछ देशों के साथ डॉलर या यूरो के बजाय रुपये में व्यापार करना आसान हो जाता है, लेकिन कई निर्यातकों को यह भी नहीं पता कि कौन से बैंक यह सेवा प्रदान करते हैं, क्योंकि यह जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं है।




- जागरूकता की कमी से अभी इसका सीमित उपयोग हो रहा
- रुपए में व्यापार निपटान की प्रणाली व्यापार को सरल बनाती है
- एसआरवीए प्रणाली से विदेशी मुद्रा की बचत भी होती है

### कर्ज लेने के लिए बहुत सारी बाधाएं

कर्ज लेना ऐसा है जैसे आपको बताया जा रहा हो कि आप ऋण ले सकते हैं, लेकिन फिर आपको इतनी सारी बाधाओं से गुजरना पड़ता है कि आप हार मान लेते हैं। हमें इसे ठीक करने की आवश्यकता है ताकि निर्यातक वास्तव में उस धन का उपयोग कर सकें जो उनके लिए स्वीकृत किया गया है।

### बैठक में उठाया गया मुद्दा

फियो के अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय बैंक को इसे सार्वजनिक करना चाहिए। बेहतर जागरूकता का मतलब है इस अच्छी पहल का बेहतर उपयोग। पिछले सप्ताह मुंबई में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के साथ अपनी बैठक के दौरान उन्होंने अन्य लोगों के साथ इस मुद्दे को उठाया।

### निर्यातकों के लिए ऋण लेना बहुत महंगा

ऊंची ब्याज दरों पर उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यातकों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम निर्यातकों को अन्य देशों के व्यवसायों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, लेकिन अभी वे नुकसान में हैं क्योंकि उनके लिए उधार लेना (ऋण) बहुत महंगा है।

### कई देश सब्सिडी या कर्ज देकर मदद करते हैं

ऋण लागत अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि खरीदारों ने नकदी की चुनौतियों का सामना करते हुए भुगतान अवधि बढ़ा दी है। रल्हन ने कहा कि कई देश अपने निर्यातकों को सस्ता कर्ज या सब्सिडी देकर मदद करते हैं।

# केंद्रीकृत केवाईसी प्रणाली पर काम चल रहा : सेबी चेयरमैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) वित्त मंत्रालय और अन्य वित्तीय नियामकों के साथ मिलकर एक केंद्रीकृत केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रणाली स्थापित करने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने यह जानकारी दी है। केंद्रीय केवाईसी एक ऑनलाइन डेटाबेस है जो ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड को केंद्रीकृत तरीके से बनाए रखता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय संस्थानों में अनुपालन को सुव्यवस्थित करना है। इस बारे में पूछे जाने पर पांडेय ने कहा, ''हां, मुझे लगता है कि हम इसपर भी आगे बढ़ेंगे। हम वास्तव में एक ऐसी प्रणाली बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो बहुत, बहुत प्रभावी होगी। चेयरमैन ने कहा कि वित्त सचिव इस पहल के लिए जिम्मेदार समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं, और इस प्रक्रिया को तेज करने के प्रयास चल रहे हैं।

- उद्देश्य वित्तीय संस्थानों में अनुपालन को सुव्यवस्थित करना
- केंद्रीय केवाईसी एक ऑनलाइन डेटाबेस है, जो रिकॉर्ड बनाए रखती है

### केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री शुरू होगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि 2025 में एक नयी, संशोधित केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री शुरू की जाएगी। इसके बाद अप्रैल में, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री के पुनर्गठन पर चर्चा और वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच की सुविधा के लिए केवाईसी अनुपालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों को हल करने को एक बैठक की अध्यक्षता की थी।

## अदाणी ग्रीन, यूपीपीसीएल को ऊर्जा की करेगी आपूर्ति

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) की इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी सिक्सटी नाइन ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को राजस्थान में अपनी परियोजना से 400 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सूचना के अनुसार, इस बारे में बिजली खरीद समझौता (पीपीए) शनिवार को किया गया। इसमें कहा गया है कि एजीईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी सिक्सटी नाइन लिमिटेड ने राजस्थान में विकसित की जाने वाली ग्रिड से जुड़ी सौर पीवी बिजली परियोजना से 400 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए यूपीपीसीएल के साथ एक बिजली खरीद समझौता किया है।




## उपग्रहों की तुलना में लचीला कवरेज दे सकते हैं अधिक ऊंचाई वाले मंच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार उद्योग निकाय सीओएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सौर ऊर्जा ड्रोन, गुब्बारे, हवाई जहाज आदि जैसे अधिक ऊंचाई वाले मंच उपग्रहों (एचएपीएस) की तुलना में कम लागत पर सुरक्षित और लचीला कवरेज प्रदान कर सकते हैं।

सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एस पी कोचर ने कहा कि अमेरिका, जापान, ब्रिटेन जैसे देश तथा एयरबस (जेफिर) और सॉफ्टबैंक जैसी कंपनियां एचएपीएस प्रौद्योगिकियों में भारी निवेश कर रही हैं और भारत को एचएपीएस परिचालन, स्पेक्ट्रम आवंटन और हवाई क्षेत्र प्रबंधन के लिए नियामक ढांचे पर काम करना शुरू कर देना चाहिए। कोचर की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सीओएआई के प्रमुख सदस्य भारती एयरटेल और रिलायंस जियो ने उपग्रह सेवाओं के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक के साथ हाथ मिलाया है, जबकि शुरुआत में उन्होंने भारतीय बाजार में प्रवेश के लिए स्टारलिंक के प्रयास का विरोध किया था और उसमें बाधा डाली थी।

स्टारलिंक को भारत में सेवाएं शुरू करने के लिए सरकार की मंजूरी मिलनी बाकी है, लेकिन सुरक्षा मंजूरी मिलने तक इंतजार करना होगा।



- सीओएआई के वरिष्ठ अधिक अधिकारी ने कहा
- उपग्रह की तुलना में कम लागत व सुरक्षित भी

### अंतरिक्ष आधारित खतरे कम होंगे

कोचर ने कहा, "एचएपीएस कुछ अंतरिक्ष-आधारित खतरों जैसे कि उपग्रह-रोधी (एएसएटी) हथियारों, कक्षीय मलबे या उच्च-कक्षा के बुनियादी ढांचे पर लक्षित जैमिंग हमलों के प्रति कम संवेदनशील हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से, एचएपीएस अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष संधियों का उल्लंघन किए बिना या महंगे उपग्रह समूहों पर निर्भर हुए बिना संवेदनशील सीमा क्षेत्रों या समुद्री क्षेत्रों की लगातार निगरानी की अनुमति देता है।"

# आज़ाद इंजीनियरिंग और जीई वर्नोवा में समझौता

**मुंबई।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपनी आजाद इंजीनियरिंग ने रविवार को कहा कि उसने परमाणु और ताप विद्युत उद्योगों में एयरफॉयल्स की आपूर्ति के लिए जीई वर्नोवा की स्टीम पावर सर्विसेज बिजनेस यूनिट के साथ 5.35 करोड़ डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जटिल घूर्णन और स्थिर एयरफॉइल्स का विनिर्माण और आपूर्ति शामिल है। आजाद इंजीनियरिंग ने एक बयान में कहा कि यह अनुबंध छह वर्षों (2030 तक) की अवधि के लिए है, जिसके अंतर्गत उन्नत परमाणु, औद्योगिक और ताप विद्युत उद्योगों के लिए उच्च स्तर पर इंजीनियर्ड और जटिल घूर्णन और स्थिर एयरफॉइल्स का विनिर्माण और आपूर्ति शामिल है। कंपनी ने कहा कि यह समझौता कंपनी की 7,600 वर्ग मीटर की लीन विनिर्माण सुविधा के उद्घाटन के तुरंत बाद हुआ है, जो मात्रा क्षमता दायित्वों को पूरा करने के लिए समर्पित है।




**उद्देश्य एक विनिर्माण स्थल से अधिक मॉडल का उत्पादन करना**

# इलेक्ट्रिक उत्पादन लाइन को 'लचीला' बना रही मारुति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) अपनी उत्पादन क्षमताओं को लचीला बना रही है। इसके पीछे उद्देश्य एक ही विनिर्माण स्थल से इलेक्ट्रिक वाहन सहित अधिक मॉडल का उत्पादन करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति ने 2030-31 तक बाजार में लगभग 28 विभिन्न मॉडल के साथ 20 लाख इकाई की उत्पादन क्षमता और जोड़ने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल हरियाणा और गुजरात के अपने विनिर्माण संयंत्रों के साथ कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता सालाना 26 लाख इकाई की है।

- कंपनी 2030-31 तक बाजार में 28 मॉडल उतारना चाह रही




### गुजराज में सालाना 7.5 लाख इकाई उत्पादन की सुविधा

कंपनी की एक इकाई सुजुकी मोटर गुजरात ने भी गुजरात में एक सुविधा स्थापित की है, जिसकी स्थापित उत्पादन क्षमता प्रति सालाना 7.5 लाख इकाई की है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, उत्पादन योजना के संदर्भ में, हम अपने संयंत्रों को अधिक लचीला बना रहे हैं, ताकि अधिक लाइन अधिक मॉडल का उत्पादन कर सकें।

### ईवी की लाभप्रदता काफी कम होगी

ईवी की लाभप्रदता के बारे में एक सवाल पर, उन्होंने कहा कि कंपनी इस बात से अवगत है कि डिजाइन के अनुसार ईवी की लाभप्रदता बहुत कम होगी और यह पूरे उद्योग के लिए सच है। भारती ने कहा, हम ईवी से आईसी (परंपरागत) इंजन के समान लाभप्रदता की उम्मीद नहीं कर सकते। और अगर ऐसा होता, तो सरकार को शायद पांच प्रतिशत जीएसटी वाली नीतियां बनाने की जरूरत नहीं होती।

### *खरखौदा के नए संयंत्र में उत्पादन शुरू*

*हरियाणा में गुरुग्राम और मानेसर में दो संयंत्र सालाना लगभग 16 लाख इकाई का उत्पादन करते हैं। खरखौदा में नए संयंत्र ने भी उत्पादन शुरू कर दिया है। शुरुआत में, नई सुविधा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई की होगी और यह कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का विनिर्माण करेगी।*

### *सितंबर में पहला मॉडल उतारने की योजना*

*मारुति इस साल सितंबर में अपना पहला इलेक्ट्रिक मॉडल ई-विटारा उतारने की योजना बना रही है और पहले साल में अधिकांश उत्पादन विदेशी बाजारों में जाने की उम्मीद है। भारती ने कहा कि बैटरी के वजन की वजह से ईवी पारंपरिक मॉडल की तुलना में कहीं अधिक भारी वाहन हैं।*

## राशिफल

**मेष:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन:** मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह:** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर:** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ:** भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5857



**बाएँ से दाए-**
1. पद्माकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5856 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5867

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


**सूडोकु नवताल - 5866 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |



# आखिर ये वेस्टर्न डिस्टरबेंस क्या बला है? जिसकी वजह से भारत में होती है बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में बीते दिन तेज आंधी तूफान आया था। चिलचिलाती गर्मी के बीच इस आंधी ने भले ही लोगों को राहत दी हो, लेकिन इससे कई नुकसान भी झेलने पड़ते हैं। ठंड के मौसम में भी अक्सर तेज हवा चलती है। मौसम का यह मिजाज मिजाज पश्चिमी विक्षोभ यानि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण होता है। आखिर ये वेस्टर्न डिस्टर्बेंस क्या बला है?




## पश्चिमी विक्षोभ से बारिश

पश्चिमी विक्षोभ वाला तूफान कटिबंधीय तूफान से कुछ अलग होता है। इसमें नमी निचले वायुमंडल की जगह ऊपर के वायुमंडल में आती है। इन हवाओं के मध्य पूर्व से गुजरने पर वहां की गर्म और नर्म हवाओं के कारण इसकी दिशा बदल जाती है। इसी के चलते उत्तर भारत में बारिश, कोहरा और बर्फ की स्थिति बनती है। इसी से ही उत्तर भारत में बर्फ पड़ती है और दूसरे इलाकों में इसका ठंडा असर पड़ता है।

## क्या होता है पश्चिमी विक्षोभ?

बता दें कि पश्चिमी विक्षोभ कैस्पियन या भूमध्य सागर से बनने वाले तूफान होते हैं। ये भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में बारिश और ठंड लाने का काम करते हैं। असल में ये हवाएं बर्फीली होती हैं, जो अपने साथ नमी लेकर आती हैं। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर से निकलती हैं। इसके बाद ये ईरान, इराक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से होते हुए सीधा भारत पहुंचती हैं। यहां पहुंचते ही यह मैदानी इलाकों में अपना असर दिखाने लगती हैं।



## कहां होता है असर

पश्चिमी विक्षोभ का आमतौर पर असर सर्दियों में देखने को मिलता है। खासतौर पर डनवरी के महीने में यह काफी प्रभाव डालता है। ये तूफान सर्दियों में अपने साथ ठंडी हवाएं लेकर आता है, जहां से ये पश्चिम से पूरब की ओर बढ़ती है। पूरब में हिमालच की ऊंचाई के कारण ये हवा वहां रुक जाती है, जिससे बारिश और बर्फबारी होने लगती है। इसी के चलता हवाओं का एंटीसाइक्लोनिक सर्कुलेशन बनता है। पश्चिम विक्षोभ के एक्टिव रहने तक हवपा की दिशा पूरब से पश्चिमी की तरफ हो जाती है, जिससे मैदानी इलाकों का तापमान बढ़ता है।

## रोचक खबरें

## महज 16 की उम्र में अदला-बदली का खेल कर बना करोड़पति

**शिकागो।** हर इंसान का सपना होता है कि वो बड़ा होकर एक कामयाब आदमी बने। जिससे वो अपने सारे ख्वाब को पूरे सके। इसके लिए आदमी बचपन से ही जी-तोड़ मेहनत करता है। हालांकि, कामयाबी किसी-किसी को ही मिल पाती। लेकिन, कुछ लोग होते हैं जो उस मुकाम पर बहुत छोटी उम्र में पहुंच जाते हैं। जहां बड़े लोग चाहकर भी नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे ही एक बच्चे की कहानी ने इस समय सारी दुनिया को हिला दिया है क्योंकि ये बच्चा महज 16 साल की उम्र में करोड़पति बन चुका है। इस बच्चे के केस में हैरानी की बात तो ये है कि उसने अपनी मां को ये सच्चाई नहीं बताई है कि उनका बेटा एक करोड़पति है। इस लड़के की नेटवर्थ का खुलासा अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित फाइनेंसियल शो में हुआ। बच्चे ने जब अपने इस राज से पर्दा उठाया तो हर कोई हैरान रह गया। हालांकि, लड़के के नाम और पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। इस बच्चे के कमाने का तरीका देखने के बाद फाइनेंस एक्सपर्ट डेव रैम्से भी हैरान रह गए। दरअसल, ये लड़का पैसा कमाने ड्रॉपशिपिंग वेबसाइट्स और ईबे व अमेजन जैसी साइट्स पर ऑनलाइन आर्बिट्रेज करके पैसा कमाता है और इस तरीके से काम करने के बाद इस बच्चे ने पिछले आठ महीनों में उसने पेपल अकाउंट में 3,00,000 डॉलर (करीब 2.5 करोड़ रुपए) से ज्यादा पैसे कमा लिए हैं, लेकिन उसने अपनी मां को ये बात नहीं बताई, क्योंकि उसे डर है कि उसकी मां उसे ये काम नहीं करने देंगी। इस बच्चे की केस स्टडी समझने के बाद बच्चे डेव ने कहा कि देखो इतना पैसा इस उम्र में कमाना कोई आसान काम नहीं है और जिस तरीके से तुमने ये पैसा कमाया वो गलत नहीं है, लेकिन पूरी तरीके से सही भी नहीं है। ऐसे में आपको अपनी कमाई के बारे में मां को बताना चाहिए और अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। अपनी पूरी बात में डेव ने शिक्षा की अहमियत पर जोर दिया। उसने कहा कि भले ही कॉलेज डिग्री ज़रूरी न हो, लेकिन कारोबार की गहरी समझ और लगातार सीखना लंबी सफलता के लिए काफी जरूरी है।



## शौक के चक्कर में महिला ने बर्बाद किया अपना परी जैसा चेहरा

**लंदन।** हर इंसान के अपने-अपने शौक होते हैं। जिनके बारे में जानकर कई लोगों को जहां मजा आता है और उन शौक को लोग कॉपी करने करने के बारे में सोचते हैं, लेकिन कुछ लोगों के शौक ऐसे होते हैं, जिन्हें देखने के बाद दूसरे को झटका लगता है। आज हम आपको एक ऐसी ही महिला के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका शौक काफी अजीबोगरीब और इसके बारे में जानने के बाद आप हैरान रह जाएंगे, क्योंकि इस महिला को इंसानों के अंग जमा करने का शौक है। इस बात की जानकारी जब लोगों को हुई तो हर कोई हैरान रह गया। हर इंसान को कुदरत ने अलग चेहरा दिया है, जिसकी अपनी एक खासियत होती है। हालांकि, कुछ लोग इस पर मेकअप चढ़ाकर उसे और अच्छा बनाने की सोचता है तो वहीं कुछ ऐसे होते हैं, जिन्हें अपना बिगड़ा हुआ चेहरा ही पसंद आता है। अब इस महिला को ही देख लीजिए, जिसने अपने चेहरे को बुरी तरीके से बर्बाद कर दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस महिला का नाम टॉक्सी है, जिसे अपना चेहरा बिगड़ाने का एक अजीब ही शौक चढ़ा हुआ है। इन्होंने अपने चेहरे को इस लेवल का बना रखा है, जिसे देखने के बाद पहली नजर में कोई डर जाए. सीधे शब्दों में कहे तो इन्होंने खुद को परफेक्ट बनाने के चक्कर में अपने पूरे चेहरे को बर्बाद कर दिया। हैरानी की बात तो ये है कि इनके चेहरे पर वो चीजें तक नहीं है, जो एक आम इंसान के चेहरे पर चेहरे पर होता है और मजे की बात तो ये है कि इनको इस चीज के ऊपर किसी तरह का कोई पछतावा तक नहीं है।



## महिला की खूबसूरती पर मर मिटते हैं मर्द, बिना कहे भेजते हैं हजारों रुपए

**नई दिल्ली।** चाहे मॉडल हों या एक्ट्रेस, उन्हें मॉडलिंग या अभिनय के साथ-साथ खूबसूरत भी दिखना होता है। तभी लोग उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि, सिर्फ खूबसूरती उन्हें फीस नहीं दिलवा पाती, उन्हें काम भी करना ही पड़ता है। पर एक महिला तो सिर्फ अपनी खूबसूरती से पैसे कमाती है। वो इतनी सुंदर है कि मर्द उसे देखकर मर मिटते हैं और बिना उसके बोले ही उसे हजारों रुपए भेजने लगते हैं। इसके अलावा कई मर्द उससे अजीबोगरीब चीजें करने की डिमांड करते हैं, जिसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं होता, वो केवल उस लड़की को रोजमर्रा की चीजें करते देखना चाहते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार सैफरन बोसवेल कुछ दिनों पहले अपने एक बयान की वजह से फेमस हुई थीं। उन्होंने बताया था कि करीब 10 सालों से उन्होंने घर पर खाना नहीं खाया, क्योंकि उन्हें खाना बनाना नहीं पसंद है, वो बाहर जाकर ही खाना खाती हैं। पर अब उन्होंने एक ऐसी बात बताई है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान हुआ जा रहा है। सैफरन ने कहा कि मर्द उन्हें अजीबोगरीब चीजें करने के लिए कहते हैं और बदले में पैसे देते हैं। कई बार तो वो बिना बोले ही पैसे दे देते हैं। वो कोई आपत्तिजनक चीजें नहीं, बल्कि काफी आम चीजें करने के लिए सैफरन को पैसे देते हैं। जैसे उन्हें सैंडविच खाते हुए वीडियो बनाकर भेजाना होता है। एक बार एक शख्स ने उनसे सोते हुए वीडियो बनाकर भेजने के लिए पैसे दिए थे।



# सितारों का जमावड़ा और उल्का बरसात... कब और कहां देखें अद्भुत घटनाएं, जिससे जगमग होगा आसमान

अनंत ब्रह्मांड रोमांचक होने के साथ-साथ खतरनाक भी है, लेकिन खगोलविद लगातार ब्रह्मांड से जुड़े रहस्यों से पर्दा उठाने की कोशिशों में जुटे रहते हैं। इस माह रात का आसमान कई अद्भुत घटनाओं की बदौलत जगमग होने वाला है जिसका दीदार आप भी कर सकेंगे, लेकिन उसके लिए आपको सही समय और जगह के बारे में पता होना चाहिए तो चलिए विस्तार से समझते हैं कि इस माह कौन-कौन सी आकाशीय घटनाएं कब और कहां होने वाली हैं, जो आप लोगों को मंत्रमुग्ध कर सकती हैं।

**वॉशिंगटन।** एटा एक्वारिड उल्का बौछार आमतौर पर हर साल 19 अप्रैल से 28 मई के बीच सक्रिय होता है, लेकिन 5-6 मई की रात को यह अपने चरम पर होगा। एटा एक्वारिड हैली धूमकेतु के मलबे से पैदा होने वाली दो उल्का बौछारों में से एक है। हैली धूमकेतु को सूर्य की एक परिक्रमा करने में लगभग 76 साल लगते हैं। अगली बार यह पृथ्वी से 2061 में दिखाई देगा। एटा एक्वारिड उल्का बौछार को दक्षिणी गोलार्ध में देखा जा सकेगा, जहां पर प्रति घंटे लगभग 10 उल्काएं नजर आएंगी।

### शनि के छल्ले हो जाएंगे अदृश्य!

एटा एक्वारिड उल्का बौछार के तुरंत बाद आसमान में शनि ग्रह से जुड़ा एक करिश्मा होने वाला है। यह हर 15 साल में एक बार होता है। दरअसल, सूर्य शनि के बीच से जब चमकता है तो उसके छल्ले एकदम पतने हो जाते हैं जिन्हें देखना काफी मुश्किल होता है। इस घटना को शनि विषुव का नाम दिया गया है, जो इस साल 6 मई को होने वाली है।



### चंद्रमा और शनि आएंगे साथ-साथ

*फ्लॉवर मून के बाद आसमान में चंद्रमा और शनि साथ-साथ नजर आएंगे। 22 मई की रात को एक ही फ्रेम में चंद्रमा और शनि ग्रह को देखा जा सकेगा।*

### गोलाकार क्लस्टर

गोलाकार क्लस्टर आमतौर पर खुले क्लस्टर से बहुत बड़े होते हैं और गुरुत्वाकर्षण की वजह से बंधे होते हैं। आसान भाषा में कहें तो क्लस्टर तारों का समूह होते हैं और गोलाकार क्लस्टर एक गोल चमकता हुआ गुच्छा होता है जिसमें लाखों तारे तक हो सकते हैं। 11 मई को मेसियर 5 का एक गोलाकार क्लस्टर दिखाई देगा जिसे टेलीस्कोप की मदद से देखा जा सकता है।

### फ्लॉवर मून

आसमान में इस माह फ्लॉवर मून नजर आएगा। दरअसल, दुनिया के कई मुल्कों में मई में फूल खिल रहे होते हैं। ऐसे में इस माह होने वाली पूर्णिमा को फ्लॉवर मून के नाम से जाना जाता है। इस साल 12 मई को फ्लॉवर मून नजर आएगा।

### नया चांद


न्यू मून चंद्रमा का वह चरण है जब सूर्य और पृथ्वी के बीच में एकसीध में चांद मौजूद होता है, लेकिन पृथ्वी को चांद का वह हिस्सा दिखाई देता है जहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती है और इस बार 27 मई को न्यू मून नामक आकाशीय घटना होने वाली है।

## सबसे बड़े टेलिस्कोप की खींची तस्वीरों ने चौंकाया

# धरती तक 'आग' फेंकने वाला सूरज तो अंदर से निकला ठंडा!

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे बड़े सोलर टेलीस्कोप 'डैनियल के इनौये' ने सूर्य की सतह की शानदार तस्वीर कैद की है, जिसमें सूर्य के धब्बे व तेज़ चुंबकीय गतिविधियां दिख रही हैं। हाल ही में जारी की गई यह तस्वीर ऐसे वक्त में आई है जब सूर्य अपने 11 साल की सौर चक्र के सबसे एक्टिव फेज की तरफ बढ़ रहा है। खास बात यह है कि यह यू.एस. नेशनल साइंस फाउंडेशन के नए विजिबल ट्यूनेबल फिल्टर से ली गई पहली तस्वीर भी है। दिसंबर की शुरुआत में ली गई हाई-रिज़ॉल्यूशन तस्वीर में विशाल सनस्पॉट का एक संग्रह भी दिखाई दे रहा है, जो आकार में महज 10 किलोमीटर की दूरी पर है। हालांकि, यह हज़ारों मील तक फैला हुआ है।

तस्वीर में दिए गए सनस्पॉट से पता चलता है कि यह हर एक पृथ्वी पर एक महाद्वीप के आकार का है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय सौर चक्र पूर्वानुमान पैनल नासा और नेशनल ओसियन और एटमोसफेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के वैज्ञानिकों ने अक्टूबर में बताया था की कि सूर्य अपनी अधिकतम सौर या गतिविधि के शिखर पर पहुंच गया है। यही कारण है कि शिखर के दौरान सूर्य के चुंबकीय ध्रुव उलट जाते हैं, जिससे इसकी सतह पर ज्यादा सनस्पॉट दिखाई देते हैं।



### बड़े सौर विस्फोटों की वजह

ये सनस्पॉट सूर्य पर ठंडे एक्टिव इलाके हैं जो सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन जैसे बड़े सौर विस्फोटों की वजह बन सकते हैं। हालांकि, जब ये सौर विस्फोट होते हैं, तो वे स्पेस में आवेशित कणों को बाहर निकालते हैं और अगर ये कण जमीन पर पहुंचते हैं तो वे उपग्रहों में रूकावटें पैदा कर सकते हैं। साथ ही, ये बिजली की आपूर्ति और जीपीएस और फोन सिग्नल को भी प्रभावित कर सकते हैं।

### सूर्य की सतह के बाकी हिस्सों की तुलना में गहरे और ठंडे

कोलोराडो बोल्डर यूनवर्सिटी में एनवायरमेंटल साइंस रिसर्च के लिए कोऑपरेटि इंस्टीट्यूशन के रिसर्च साइंटिस्ट मार्क मीश ने कहा कि सूर्य के धब्बे चुंबकीय प्लग की तरह होते हैं जो सतह पर आने वाली कुछ गर्मी को रोकते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि वे सूर्य की सतह के बाकी हिस्सों की तुलना में गहरे और ठंडे दिखते हैं। हालांकि, उन्होंने इन सौर धब्बों की तुलना एक भट्टी से की। उन्होंने कहा, 'भले ही ये सौर धब्बे ठंडे हों, लेकिन फिर भी ये पृथ्वी पर मौजूद किसी भी भट्टी से ज़्यादा गर्म हैं।'

### हमारे जीवन को कैसे कर सकते हैं प्रभावित

एनएसएफ इनौये सोलर टेलीस्कोप के वैज्ञानिक फ्रेडरिक वोएगर ने कहा, '1800 के दशक में एक सौर तूफान (कैरिंगटन घटना) कथित तौर पर इतना ऊर्जावान था कि इससे टेलीग्राफ स्टेशनों में आग लग गई थी. हमें इन घटनाओं के भौतिक चालकों को समझने की जरूरत है।


**छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड**
उद्योग भवन, द्वितीय तल, रिंग रोड नं. 01, रायपुर - 492006
दूरभाष : (0771) 4224600, (0771) 4224608 - ई-मेल-finance@visiteg.in

क्रमांक / यांत्रिकी / पर्य. मं. / 2025
Nit No. 382
**Notice Inviting Tender (NIT)**
रायपुर, दिनांक / / 2025
Date: 02/05/2025

Subject Notice Inviting Request for Proposal (RFP) for "Empanelment of Architectural Agencies for providing Consultancy services related to architectural and structural design, detailed engineering for Development of Tourism Projects in Chhattisgarh for 3 years"

The Chhattisgarh Tourism Board (CTB) (the "Authority") has decided to empanel the Consultants for giving consultancy services for planning, designing, construction, Project management and implementation of tourism projects being taken up by CTB in Chhattisgarh. The consultants will assist CTB in conceptualization, planning. designing, development, execution and monitoring of various tourism development initiatives by ensuring timely and quality execution of work.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of issue of tender document | 05/05/2025 |
| 2 | Date for sending Pre-Bid Query | Till 13/05/2025 at 5.00 PM at email id-md.cgtourism@gmail.com |
| 3 | Pre-Bid Meeting | 14/05/2025 at 12.00 PM |
| 4 | Last Date for Submission of Bid | 03/06/2025 up to 05:00 P.M |
| 5 | Cost of RFP document | INR 10,000 1,800 (Rs Eleven Thousand Eight Hundred Only) non-refundable |
| 6 | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 1,00,000 (Rupees one lakhs only). |
| 7 | Availability of Tender Document | The tender can be downloaded from Chhattisgarh e-Procurement website: https://eproc.cgstate.gov.in/https://tourism.cgstate.gov.in/Tenders |

Managing Director
Chhattisgarh Tourism Board



www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा में नियमित आधार पर अधीनस्थ कर्मचारी संवर्ग में कार्यालय सहायक (चपरासी) की भर्ती हेतु सूचना**

भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा संपूर्ण भारत में अपनी विभिन्न शाखाओं / कार्यालयों के लिए नियमित आधार पर अधीनस्थ कर्मचारी संवर्ग में कार्यालय सहायक (चपरासी) की भर्ती कर रहा है।

| क्रम संख्या | पद | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | कार्यालय सहायक (चपरासी) | 500 |

कृपया ध्यान दें कि ऊपर उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार इसमें बदलाव किया जा सकता है।

पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता और अनुभव) अपेक्षित शुल्क, राज्यवार रिक्तियां और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर ➡ कॅरियर पृष्ठ ➡ वर्तमान अवसर ➡ नियमित आधार पर कार्यालय सहायक (चपरासी) की भर्ती विज्ञापन संख्या **BOB/HRM/REC/ADVT/2025/05** को देखें।

उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ लें और आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता और अन्य विवरणों की जांच करना सुनिश्चित कर लें।

किसी भी अन्य सूचना / शुद्धिपत्र / संशोधन को केवल बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन भरने और शुल्क के भुगतान की तारीख : 03.05.2025 से 23.05.2025 (23:59 बजे) तक**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 02.05.2025
मुख्य महाप्रबंधक (मासंप्र एवं विपणन)
(10/25-26)

अनजाने वीडियो या वॉइस कॉल के माध्यम से प्राप्त अनुरोधों पर कभी भी पैसे ट्रांसफर न करें। अनुरोध की वास्तविकता की पुष्टि करें। डीपफेक कॉल से सावधान रहें।



कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय,/ REGIONAL OFFICE
107, राम नगर रोड, कोटा, रायपुर)- 492010
107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR-492010 Phone: 0771-2254589,
Email: rd-cgarh@esic.gov.in
Website: www.esic.nic.in/www.esic.in

**एलोपैथिक डॉक्टर, केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए ESI योजना से जुड़ने का सुनहरा अवसर**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम(ESIC), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र के निम्न जिलों में Modified Insurance Medical Practitioner (mIMP) योजना के तहत Doctor(Allopathic), Chemist एवं Diagnostic Centre Empanel करने हेतु Online आवेदन कर सकते है जिनके माध्यम से दर्शाये गए जिलों में बीमित व्यक्तियों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाना है। नियमानुसार Empanelment हेतु ऑनलाइन आवेदन **www.esic.gov.in** पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित है :-

| mIMP योजना के तहत आवश्यकता | जिला का नाम | आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज |
|---|---|---|
| mIMP | Balod, Sukma, Balrampur, Narayanpur, Surajpur, Bijapur, Dantewada, Manedragarh-Chirmiri | • अस्पताल/क्लिनिक के पंजीयन सम्बंधित दस्तावेज<br>• डॉक्टर की डिग्री (Minimum qualification MBBS)/ मार्कशीट/ रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट<br>• डॉक्टर के आधार/PAN |
| eChemist | Bastar, Jashpur, Kanker, Koriya, Mahasamund, Mungeli, Bemetara, Balrampur, Narayanpur, Surajpur, Dantewada, Manedragarh-Chirmiri, Bijapur | • संस्थान का पंजीयन सर्टिफिकेट<br>• फॉर्म 20-21<br>• ड्रग लाइसेंस<br>• आवेदक संस्थान में नियुक्त फार्मासिस्ट की डिग्री/ रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं नियुक्ति पत्र |
| eDiagnostic | Balod, Jashpur, Kanker, Koriya, Sukma, Mungeli, Bemetara, Balrampur, Kabirdham, Narayanpur, Surajpur, Bijapur, Dantewada, Kondagaon, Manedragarh-Chirmiri | • संस्थान का पंजीयन सर्टिफिकेट<br>• उपलब्ध जांचों की सूचि एवं दर<br>• विभिन्न प्राप्त लाइसेंस/ सर्टिफिकेट<br>• आधार/ PAN/ GST<br>• Pathalogist की डिग्री सर्टिफिकेट एवं नियुक्ति सम्बंधित दस्तावेज<br>• Radiology/ Sonography से सम्बंधित समस्त दस्तावेज(Radiologist की डिग्री एवं registration) |

इच्छुक आवेदक www.esic.gov.in--------» Health Services Apply under mIMP Scheme के ऑनलाइन लिंक पर **दिनांक 05/05/2025 से 25/05/2025 तक** आवेदन कर सकते है । विशेष जानकारी हेतु दुरभाष संख्या-0771-2253689 में क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, रायपुर (छ.ग) पर संपर्क किया जा सकता है।

**आवेदन के अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।**






# आईपीएल : म्हात्रे, सूर्यवंशी ने उम्र से परे परिपक्वता दिखाकर बिखेरी चमक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रोमांचक मैच को दो रन गंवाने के बाद कहा, 'मुझे आगामी अंडर-19 विश्व कप में उन टीमों के बारे में सोच कर चिंता हो रही है जिन्हें भारत का सामना करना होगा'।

फ्लेमिंग ने यह बात थोड़े चुटीले अंदाज में कही लेकिन आईपीएल के मौजूदा सत्र में वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे जैसे युवा सितारों ने उम्र को धता बताते हुए जो निडरता और परिपक्वता दिखाई है उससे भारतीय क्रिकेट का भविष्य काफी मजबूत दिखता है।

### भुवनेश्वर की गेंदों पर लगाए पांच चौके और एक छक्का

महात्रे ने अपनी पारी के दौरान चौथे ओवर में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पांच चौके और एक छक्का लगाकर प्रभावित किया। उन्होंने इस दौरान कोई भी आड़ा-तिरछा शॉट नहीं खेला। यह उस भरोसे का प्रमाण था जो चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ महीने पहले म्हात्रे को अपने चयन ट्रायल के नेट सत्र के दौरान देखा था। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की चोट ने उन्हें मुंबई के इस खिलाड़ी को चुनने मौका दे दिया।





### महात्रे ने 48 गेंद में बनाए 94 रन

*17 साल के महात्रे ने 48 गेंद में 94 रन की पारी खेल कर आरसीबी के खिलाफ चेन्नई के लिए जीत का मंच तैयार कर दिया था हालांकि उनकी टीम दो रन से पीछे रह गई। महात्रे की इस पारी ने प्रशंसकों को कुछ दिन पहले 14 साल के सूर्यवंशी की 35 गेंद में खेली गई शतकीय पारी की याद दिला दी। महात्रे की पारी से 214 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही चेन्नई को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए सिर्फ 23 रन चाहिए थे।*

### संयमित शॉट से हुआ चयन

चेन्नई की टीम के प्रबंधन के मुताबिक वह ट्रायल में गुजरात के उर्विल पटेल और केरल के सलमान निजार से बहुत आगे थे। फ्लेमिंग ने म्हात्रे को चुनने के पीछे के तर्क को समझाते हुए कहा, 'जब उन्होंने ट्रायल दिया और सत्र के शुरुआती हिस्से में हमारे साथ थे, तो हम उनके कौशल से बहुत प्रभावित हुए थे। उनका संयम काफी प्रभावशाली था। बहुत सारे शॉट लगाने में माहिर होना अच्छी बात है लेकिन दुनिया के बड़े खिलाड़ियों के सामने धैर्य बनाये रखना और टीम की योजना को अंजाम देने में सफल होना काबिले तारीफ है।'

### सूर्यवंशी की बैक लिफ्ट बहुत अच्छी

सूर्यवंशी ने भी कुछ दिन पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ आक्रामक पारी के साथ क्रिकेट जगत के साथ राजस्थान के कोच राहुल द्रविड़ को भी प्रभावित किया था। द्रविड़ ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' के दौरान कहा था, 'उसकी बल्ले की गति बहुत अच्छी है। उसकी बैक लिफ्ट बहुत अच्छी है। गेंद की लेंथ के बारे में निर्णय लेने के मामले में उसका हाथ-आंखों का समन्वय बहुत अच्छा है। वह गेंद की लंबाई को जल्दी भांप कर शॉट खेलता है।'

### दिग्गजों को दोनों युवाओं से निपटना चुनौतीपूर्ण

फ्लेमिंग म्हात्रे और सूर्यवंशी से काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा, 'उनके बेखौफ होकर खेलने हुए देखना असाधारण है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप 14, 18 या 21 साल के हैं। हमने जो पारियां खेली हैं, खासकर इन दो युवाओं ने वह बेहतरीन है। यह उम्र से परे उनकी परिपक्वता को दिखाता है। मुझे लगता है कि दुनिया भर के गेंदबाजों के लिए उनके कौशल से निपटना काफी चुनौतीपूर्ण है।'

खास खबर

## आर्यना सबालेंका ने जीता करियर का 20वां खिताब



मैड्रिड। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना तीसरा और करियर का 20वां खिताब जीता। सबालेंका ने पहले सेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया और काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 7-6 (3) से हराया। सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड में खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने पेट्रा क्वितोवा के टूर्नामेंट रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रिस्बेन और मियामी के बाद यह सबालेंका का इस वर्ष का तीसरा खिताब भी है।

## पिकॉल्ट, सुआरेज़, मेसी ने गोल करके मियामी को दिलाई जीत



फोर्ट लॉडरडेल। स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इंटर मियामी ने मेजर सॉकर लीग फुटबाल टूर्नामेंट में न्यूयॉर्क रेड बुल्स को 4-1 से हराया। इंटर मियामी ने इस तरह से डलास से 4-3 की हार के बाद वापसी की। पिछले मैच में हार से उसका आठ मैचों की अजेय क्रम टूट गया था। मेसी ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में 67वें मिनट में गोल किया। इससे पहले पिकॉल्ट ने नौवें मिनट में गोल करके मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। मार्सेलो वेइगांड्ट ने 30वें मिनट में और लुई सुआरेज़ ने 39वें मिनट में गोल करके मियामी को 3-0 की बढ़त दिला दी थी।

## केदारलिंग को पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक

भोपाल। सेना के निशानेबाज केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवे ने शनिवार को यहां 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके साथी अजय कुमार अंबावत ने रजत पदक हासिल किया। नौसेना के उज्जवल मलिक ने कांस्य पदक जीता। केदारलिंग और अजय दोनों 24 शॉट के फ़ाइनल के अंतिम दो शॉट से पहले 223.6 से बराबरी पर थे। अजय ने हालांकि अपने 23वें शॉट में 10.9 का परफेक्ट स्कोर बनाया जिससे वह 0.7 से आगे हो गए। अजय ने अंतिम निशाने में केवल 9.6 अंक बनाए जबकि केदारलिंग ने दबाव में 10.6 (244.4) के मजबूत स्कोर के साथ 0.3 से जीत हासिल की। इस स्पर्धा का जूनियर वर्ग का खिताब चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने जीता जिन्होंने फाइनल में 241.6 का स्कोर किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

### खबर संक्षेप



#### हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली का मैच आज

हैदराबाद। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम घरेलू मैदान पर कमजोर प्रदर्शन से उबरकर सोमवार को यहां निचले हाफ में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 हार से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने विरोधियों के मैदान पर बेहतर प्रदर्शन की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है।

#### खलील को गेंद थमाने का फैसला सही था

बेंगलुरु। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ यहां खेले गए मैच में 19वें ओवर में 33 रन लुटाने के बावजूद तेज गेंदबाज खलील अहमद का भरपूर समर्थन किया।



चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंशुल कंबोज का एक ओवर शेष रहने के बावजूद अहमद को गेंदबाजी के लिए बुलाया लेकिन उनका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि रोमारियो शेफर्ड के आक्रामक अंदाज के सामने यह तेज गेंदबाज कमजोर पड़ गया।

#### पीएम मोदी ने की सूर्यवंशी की सराहना

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महज 14 साल की उम्र में इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शतक जड़ने वाले 'बिहार के बेटे' वैभव सूर्यवंशी की अद्भुत बल्लेबाजी कौशल की तारीफ की। मोदी ने बिहार में खेलो इंडिया युवा खेलों के उद्घाटन के दौरान अपने वीडियो संबोधन में सूर्यवंशी की बल्लेबाजी का जिक्र किया। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले वैभव ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंदों में शानदार शतक जड़कर क्रिकेट जगत में धूम मचा दी थी। मोदी ने कहा, 'मैंने आईपीएल में बिहार के बेटे वैभव सूर्यवंशी का शानदार प्रदर्शन देखा है।

## आरआर के कप्तान रियान पराग की 95 रन की पारी बेकार

# अंतिम गेंद पर नहीं बने तीन रन, एक रन से जीता कोलकाता, आंद्रे रसेल बने हीरो

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

प्लेऑफ की उम्मीद लेकर ईडन गार्डन्स पर उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान को आखिरी गेंद पर एक रन से हराया और अपने को टूर्नामेंट में बनाए रखा है। राजस्थान को आखिरी गेंद पर 3 रन की जरूरत थी, लेकिन केकेआर ने नहीं बनाने दिया। 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। इस सीजन शतक जड़कर इतिहास रच चुके वैभव सूर्यवंशी मात्र 4 रन बनाकर आउट हो गए।

रायल्स के लिए अपने डेब्यू मैच में क्रुणाल सिंह राठौर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए कप्तान रियान पराग और यशस्वी जायसवाल के बीच 31 गेंद पर 58 रन की साझेदारी हुई। मैच में रोमांच तब बढ़ गया, जब जायसवाल 34 रन बनाकर मोईन अली का शिकार बने। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने तीन गेंद के अंदर ध्रुव जुरेल (0) और वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लेकर केकेआर की तरफ मैच मोड़ दिया।



**रसेल का दिखा दम** रहाणे ने रघुवंशी के साथ मिलाकर 31 गेंद पर 42 रन की साझेदारी की। आंद्रे रसेल को बल्लेबाजी में प्रमोट किया गया और उन्होंने निराश नहीं किया। अंगकृष रघुवंशी (44) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 33 गेंद पर 61 रन की साझेदारी की। इस दौरान रसेल का बल्ला खूब चला। तेज खेलते हुए रसेल ने फिफ्टी पूरी की। रसेल 25 गेंद पर चार चौके और छह छक्को के साथ 57 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में दो सिक्स और एक चौके के साथ 6 गेंद पर नाबाद 19 रन की तेज पारी खेली। राजस्थान के लिए चार अलग-अलग गेंदबाजों ने एक-एक विकेट चटकाए।

### पंजाब ने लखनऊ को 37 रनों से हराया, अर्शदीप ने झटके 3 विकेट, प्रभसिमरन ने खेली 91 रनों की पारी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के 54वां मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रनों से करारी शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही पंजाब की टीम अंक तालिका में दूसरे पायदान पर आ गई है. इस मैच में टॉस जीतकर लखनऊ की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. पंजाब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रभसिमरन की तूफानी 91 रनों की पारी के बदौलत लखनऊ के सामने 237 रनों का लक्ष्य रखा था. इसके जवाब में उतरी लखनऊ की टीम 7 विकेट खोकर 199 रन ही बना सकी।



#### ऐसी रही लखनऊ की पारी-

237 रनों के जवाब में उतरी लखनऊ की शुरुआत बेहद ख़राब रही. तीसरे ही ओवर में लखनऊ को पहला झटका लगा जब मिचेल मार्श बिना खाता खोले ही अर्शदीप का शिकार बन गए. इसके बाद इसी ओवर में एडेन मार्करम भी 13 रन बनाकर आउट हो गए. उन्हें अर्शदीप ने बोल्ड किया. इसके बाद 5वें ओवर में लखनऊ को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब अर्शदीप ने निकोलस पूरन को भी चलता किया. इसके बाद कप्तान पंत से उम्मीद थी. लेकिन एक बार फिर उन्होंने निराश किया. पंत के बल्ले से केवल 18 रन निकले और वो अपना विकेट फेंक कर चले गए. इसके बाद 10वें ओवर में डेविड मिलर के रूप में लखनऊ को 5वां झटका लगा. लेकिन इसके बाद अब्दुल समद और आयुष बदोनी के बीच 41 गेंद में 81 रनों की साझेदारी हुई. लेकिन 16वें ओवर में अब्दुल समद 45 रन बनातर आउट हो गए।

आरआर के लिए किया डेब्यू

## कुणाल 8 वर्ष की उम्र से खेल रहे क्रिकेट, हैडिन हैं आदर्श



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में कुणाल सिंह राठौर को डेब्यू का मौका दिया। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज को टीम ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में खरीदा था। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, जबकि केकेआर की उम्मीदें फिलहाल जीवंत है।

कोटा में नौ अक्टूबर, 2002 को जन्में कुणाल आठ वर्ष की आयु से क्रिकेट खेल रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के महान विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को अपना आदर्श मानते हैं। राजस्थान ने उन्हें मेगा नीलामी में 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर टीम का हिस्सा बनाया था। अब वह आईपीएल में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।

कुणाल राजस्थान के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और विकेटकीपिंग में माहिर हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022-23 के जरिए टी20 में डेब्यू किया था। इस दौरान उन्होंने 128.94 के स्ट्राइक रेट से 147 रन बनाए थे। अगले सत्र में कुणाल ने सिर्फ 107 रन बनाए। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 152.85 का हो गया। कुणाल के नाम 12 टी20 मैचों में 254 रन दर्ज हैं। इसमें एर अर्धशतक शामिल है। वहीं, 13 फर्स्ट क्लास और 16 लिस्ट ए मैचों में युवा बल्लेबाज ने क्रमशः 580 और 404 रन बनाए हैं।

### लाहिड़ी 45वें स्थान पर रहे, डेचैम्ब्यू बने विजेता

*इंचियोन। भारतीय खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी ने रविवार को यहां अंतिम दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाया और इस तरह से वह लिव गोल्फ कोरिया में संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर तीन ओवर का रहा। उन्होंने तीन दौर के इस टूर्नामेंट में 68, 79 और 72 का कार्ड खेला। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस टीम क्रशर्स का हिस्सा था, जिसने टीम चैंपियनशिप जीती। इस टीम का नेतृत्व अमेरिका के ब्रायसन डीचैम्ब्यू ने किया था जो व्यक्तिगत खिताब भी जीतने में सफल रहे। डेचैम्ब्यू ने अंतिम दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। उन्होंने तीन दिन में 65, 66 और 66 का कार्ड खेला।*

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एक रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर एकमात्र जीत दर्ज करते हुए दौरे का समापन किया। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में 21वें मिनट में मैच विजयी गोल किया। भारत को इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था और फिर



टीम एक मई और तीन मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 और 2-3 से पराजित हो गई थी।

मेहमान टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में बेहतरीन हॉकी खेली और मेजबान टीम को करीबी मुकाबले में शिकस्त दी। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किए, लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस ने उन्हें पहला गोल करने से रोक दिया। दूसरे क्वार्टर में छह मिनट बाद भारत ने उप-कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। नवनीत ने शनिवार को भारत की 2-3 की हार में भी गोल किया था।

### श्रीलंका ने भारत को तीन विकेट से दी मात

कोलंबो। श्रीलंका ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत को तीन विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 275 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मेहमान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की 48 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत कौर (30), प्रतीका रावल (35) और जेमिमा रोड्रिग्स (37) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में श्रीलंका ने 49.1 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निलाक्षिका सिल्वा ने 56 रन बनाए।

### पंजाब में चोटिल मैक्सवेल की जगह ओवेन शामिल

*मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स ने चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिच ओवेन को टीम में शामिल किया है। मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए हैं। इस साल आईपीएल में ऑस्ट्रेलिया के मैक्सवेल का प्रदर्शन काफी खराब रहा और वह सात मैच में केवल 48 रन ही बना सके जिसमें से छह बार वह दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे। मैक्सवेल को 26 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच के दौरान चोट लगी थी जिसमें वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे।*



**ACB INDIA LTD. (2X30MW TPP)**

**NOTICE INVITING TENDER**

Ref. No: ACBIL/ 2x30MW TPP/ASH TPT/2025-26/MAY-02.

**Description of work:**
We ACB (INDIA) LTD., 2x30 MW Thermal Power Plant at Village-Chakabura, Dist Korba (CG), require competent agency for Transportation of Fly Ash from Chakabura to low lying area, Stone quarry or abandoned mines (other than SECL/CIL) located near Korba -Bilaspur area e.g. Akaltara, Beltara, Sakti, Katghora or nearby area for a distance within 40-80 Kms. Details as below:

Transportation of Ash by self-tippling Tipper/Trucks (with GPS tracking) dully covered with Tarpaulin or Suitable mean as per applicable MOEF & CC Notifications and guidelines from Chakabura to designated location at low lying area, abandoned stone quarry or closed mines (other than CIL/SECL mines).

Total Quantity and Rates:

Estimated quantity of ash to be transported is approximate basis which is initially about 45,000MT this may vary based on requirement at backfilling site as per plant operation level. This quantity may further be increased or reduced subsequently.

Interested and eligible bidder may collect Detailed Tender Document with written request for issuance of bid at "ACB India Ltd., 2x30MW TPP, Chakabura" from below mentioned address & submit their bids.

Please note that tender document will not be issued over mail or whatsapp nor such requests will be entertained. Bidder shall quote the rate in INR in sealed envelope as below:

Transportation charges of fly ash from Chakabura to low lying area, Stone quarry or abandoned mines (other than SECL/CIL) located near Korba-Bilaspur area e.g. Akaltara, Beltara, Sakti, Katghora or nearby area for a distance within 40-80 Kms from Chakabura as per details mentioned in tender documents.

Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution Control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc..

Tender will available: from 04/05/2025 at 11.00 Hrs. to 10/05/2025 at 16.00 hrs.

**Last date of Bid submission**: 12/05/2025 at 17.00 Hrs.

**Contact person** : A.K.Dewangan
**Contact No** : 9589305985,
**E-mail** : operation.2x30@acbindia.com
**Address** : ACB (India) Ltd. 2x30MW TPP, Village-Chakabura, Teh- Katghora, Dist- Korba (CG)

- S/d-
**ACB ( India) Ltd. (2X30MW TPP)**

**ACB INDIA LTD. (2X30MW TPP)**

**NOTICE INVITING TENDER**

Ref. No: ACBIL/2x30MW TPP/ASH LOADING_UNLOADING/2025-26/MAY-01

**Description of work:**
We ACB (INDIA) LTD., 2x30 MW Thermal Power Plant at Village-Chakabura, Dist Korba (CG), require competent agency for loading from 2x30MW TPP ash/ash mound/ash silo, unloading and compaction & covering with soil layer etc. at low lying area, Stone quarry or abandoned mines (other than SECL/CIL) located near Korba -Bilaspur area e.g. Akaltara, Beltara,, Sakti, Katghora or nearby area for within a distance of 40-80 Kms from Chakabuda, Korba.

**Details as below:**
1. Loading of fly ash from plant/ash mound by poklain.
2. Unloading, dozing & levelling of transported ash at identified location low lying area, stone quarry abandoned mines (other than SECL/CIL).
3. Compaction and covering with soil Min 500 mm thick layer.

**Total Quantity and Rates:**
Estimated quantity of ash to be loaded and unloaded is approximate basis which is initially about 45,000MT this may vary based on requirement at backfilling site as per plant operation level. This quantity may further be increased or reduced subsequently.

Interested and eligible bidder may collect Detailed Tender Document with written request for issuance of bid at "ACB India Ltd., 2x30MW TPP,Chakabuda" from below mentioned address & submit their bids. Please note that tender document will not be issued over mail or whatsapp nor such requests will be entertained. Bidder shall quote the rate in INR in sealed envelope as below:

A. Loading of fly ash from plant/ash mound by Pocklain: as per details mentioned in tender documents (if fly ash loaded from silo, loading charge will not applicable)
B. Unloading, dozing & levelling: as per details mentioned in tender documents
C. Compaction & covering with soil min 500mm thick layer including soil cost, transportation, and compaction by roller/dozer, water sprinkling by water tanker etc. complete as per details mentioned in tender documents

Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc.

Tender will available from 04/05/2025 at 11.00 Hrs. to 10/05/2025 at 16.00 hrs.

**Last date of Bid submission:** 12/05/2025 at 17.00 hrs.

**Contact person** : Mr/ A.K.Dewangan
**Contact No** : 9589305985
**E-mail** : operation.2x30@acbindia.com
**Address** : ACB (India) Ltd. 2x30MW TPP, Village- Chakabuda Teh- Katghora, Dist- Korba (CG),495445

- S/d-
**ACB ( India) Ltd. (2X30MW TPP)**

# तंदूरी रोटी बनी मौत की वजह! अमेठी में शादी समारोह में भिड़े दो युवक, दोनों की गई जान

## मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों युवक लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े

एजेंसी ▶▶| अमेठी

उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले से हैरान कर देने वाली एक खबर सामने आई है। यहां शादी समारोह के दौरान तंदूरी रोटी को पहले लेने के विवाद में दो युवकों की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह सनसनीखेज घटना जामो थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव में हुई, जहां एक आम सी बात ने हिंसक रूप ले लिया और परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। दरअसल, घटना शनिवार शाम की है जब बलभद्रपुर गांव निवासी रामजियावन वर्मा की बेटी की शादी थी। बारात शांतिपूर्ण ढंग से आई और रस्में निभाई जा रही थीं, लेकिन जैसे ही खाने का वक्त आया और तंदूरी रोटी परोसी जाने लगी।

इस दौरान 18 वर्षीय रवि कुमार उर्फ कल्लू और 17 वर्षीय आशीष कुमार के बीच पहले रोटी लेने को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। मामूली विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों युवक लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। हिंसक झगड़े में आशीष की मौके पर ही मौत हो गई।

अलग खबर

### जांच के बाद कार्रवाई

गौरीगंज सर्किल के सीओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि शादी की बारात चढ़ने के दौरान दो युवकों में मारपीट हो गई थी, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच की जाएगी। मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



### घर में कोहराम मच गया

गंभीर रूप से घायल रवि को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा रहा था। मगर, रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया. इस दुहाई देने वाले हादसे की खबर जैसे ही परिजनों को मिली, घर में कोहराम मच गया। शादी का घर पल भर में शोक स्थल बन गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

---

## खबर संक्षेप

### एकता कपूर ने की फिल्म पर्यटन नीति की शुरुआत

**मुंबई।** निर्माता एकता कपूर ने यहां पहले 'विश्व श्रव्य दृश्य एवं मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) के अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार की फिल्म पर्यटन नीति 2025 की शुरुआत की। शनिवार को डिजिटल सपने और सिनेमाई दृष्टिकोणः मध्य प्रदेश अगला रचनात्मक केंद्र'' शीर्षक सत्र में नीति की शुरुआत की गई। कपूर ने एक बयान में कहा, मध्य प्रदेश ने अभी एक बेहतरीन नीति की शुरुआत की है। अब उन्हें निर्माताओं के लिए कुछ तरह की वित्तीय सुगमता मुहैया कराने की आवश्यकता है, ताकि वे बड़े पैमाने पर निर्माण का समर्थन कर सकें, जिससे न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि फिल्म निर्माताओं के लिए वहां शूटिंग करना भी आसान होगा। उन्होंने इस पहल का समर्थन करने के लिए अपनी कुछ आगामी परियोजनाओं की शूटिंग मध्य प्रदेश में करने का वादा भी किया।

### इंडिगो फ्लाइट में पैसेंजर ने एयर होस्टेस से की छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली से शिर्डी जा रही इंडिगो फ्लाइट में नशे में धुत एक यात्री ने एयर होस्टेस से छेड़छाड़ की। जब फ्लाइट शिर्डी एयरपोर्ट पर लैंड हुई, तो पैसेंजर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पैसेंजर ने फ्लाइट के टॉयलेट के पास एयर होस्टेस को बैड टच किया। एयर होस्टेस ने तुरंत क्रू मैनेजर को इसकी जानकारी दी। एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होते ही सुरक्षा अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। मेडिकल जांच से पता चला है कि आरोपी ने शराब पी रखी थी। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।

---

## 'मिस वर्ल्ड' के लिए प्रतिभागियों का तेलंगाना पहुंचना शुरू

# हैदराबाद पहुंचीं मिस ब्राजील-मिस कनाडा भारतीय परंपरा के साथ किया गया स्वागत

*तेलंगाना में इस महीने होने वाली 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता के लिए दुनिया भर से प्रतिभागी शहर में पहुंचने लगी हैं। कनाडा की एम्मा डीएना कैथरीन मॉरिसन और ब्राजील की जेसिका स्कैंडिउजी पेड्रोसो का यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर अधिकारियों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।*

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

राज्य सरकार के अधिकारियों ने 'मिस वर्ल्ड' के अधिकारी जोनाथन मार्क शॉ का भी उनके आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 120 देशों की प्रतिभागी दो से आठ मई के बीच हैदराबाद पहुंचेंगी। आयोजकों के अनुसार, 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता का 72वां संस्करण 10 मई से 31 मई तक तेलंगाना में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन और समापन समारोह तथा 'ग्रैंड फिनाले' हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा।

■ ब्राजील की जेसिका स्कैंडिउजी पेड्रोसो पहुंची हैदराबाद

तेलंगाना सरकार ने आगामी मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के दौरान वैश्विक स्तर पर राज्य की छवि को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है।

### तेलंगाना क्यों कर रहा है आयोजन?

तेलंगाना इस मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी इसलिए कर रहा है, जिससे राज्य को एक प्रमुख टूरिस्ट सेंटर के रूप में स्थापित कर सके। इस कार्यक्रम के जरिए तेलंगाना को अपनी सांस्कृतिक विरासत, परंपरा, कला और व्यंजनों को विश्व मंच पर प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। यहां 120 देशों की प्रतिभागी करीब एक महीना रहेंगी और इस दौरान इन देशों से अन्य लोग भी आवागमन करेंगे. मौजूदा मिस वर्ल्ड क्रिस्टीना पिस्जकोवा नई विजेता को ताज पहनाएंगी।



### 120 देशों की प्रतिभागी



120 देशों की प्रतिभागियों की भागीदारी और 150 से ज्यादा देशों में सीधे प्रसारण के साथ, 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता का आयोजन तेलंगाना की पर्यटन क्षमता को उजागर करेगा। सरकार ने राज्य को वैश्विक मानचित्र पर 'बहुआयामी पर्यटन केंद्र' के रूप में बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की है। इसमें कहा गया है कि 2024 में तेलंगाना में 1,55,113 अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए थे। राज्य का लक्ष्य 'मिस वर्ल्ड' के आयोजन के माध्यम से इन संख्याओं को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है।

### देश को होंगे ये फायदे

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के भारत में आयोजन से देश की ब्रांडिंग होगी। टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और निवेश के लिए कंपनियां आगे आ सकती है। ऐसे प्रतिष्ठित आयोजन से तेलंगाना के साथ ही भारत को पूरी दुनिया के सामने ढंग से पेश किया जा सकेगा। इस प्रतियोगिता के बहाने तेलंगाना आने वाले विदेशी देश के दूसरे हिस्सों में भी भ्रमण के लिए जा सकते हैं, जिससे देश के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस आयोजन के कारण रेस्टोरेंट-होटल और परिवहन आदि उद्योगों को आर्थिक लाभ भी हो सकता है। अलग-अलग देशों के साथ भारतीय संस्कृति का आदान-प्रदान होगा, साथ ही प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े कई क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

---

## संजय श्रीवास्तव बोले- कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ महतारी का किया अपमान


हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस के उस 'एक्स' ट्वीट पर कड़ा एतराज जताया है, जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी के आगे किसी को 'बाप' बताया गया है। उनका कहना है कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान करने का काम किया है। कांग्रेसियों को पहले इस सवाल का जवाब प्रदेश को देना चाहिए कि छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़ की जनता का ऐसा घोर अपमान करने का यह दुस्साहस कांग्रेस ने कैसे किया। कांग्रेस को अपने इस ट्वीट के लिए प्रदेश से निःशर्त क्षमायाचना करनी चाहिए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अपने शासनकाल में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का सिलसिला चलाकर छत्तीसगढ़ को जमकर लूटा और प्रदेश के माटीपुत्रों का हक मारकर छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया और अब नक्सलियों से भाईचारा निभाती कांग्रेस वैचारिक रूप से इतनी भ्रष्ट हो गई है कि छत्तीसगढ़ महतारी के आगे किसी को बाप की उपमा देने में उसे जरा भी हिचकिचाहट नहीं हो रही है।









हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com